# खेल-जगत

## ❑ क्रिकेट

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ कौन-से देश वर्ष 2019 में होने वाले क्रिकेट विश्व कप (पुरुष) की मेजबानी करेंगे? **— इंग्लैंड और वेल्स**

☞ 2017 इंडियन प्रीमियर लीग (क्रिकेट) का विजेता कौन है? **— मुंबई इंडियंस**

☞ सुप्रीम कोर्ट ने भारत में किस खेल की संरचना के ओवरहाल के लिए 'आर.एम. लोढा समिति' नियुक्त किया था? **— क्रिकेट**

☞ किस देश ने आईसीसी महिला विश्व कप, 2017 की मेजबानी की थी? **— इंग्लैंड ने**

☞ सचिन तेंदुलकर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच किस स्टेडियम में खेला था? **— वानखेड़े स्टेडियम**

☞ किस टीम ने 2016-17 की रणजी ट्रॉफी जीती थी? **— गुजरात**

☞ 500 से अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज कौन है? **— अनिल कुंबले**

☞ किस देश को 'क्रिकेट का जन्मस्थान' माना जाता है? **— इंग्लैंड को**

☞ टेस्ट में तिहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय कौन बने? **— वीरेंद्र सहवाग**

☞ शेखर नाइक किस खेल से जुड़े हैं? **— क्रिकेट**

☞ वर्ष 2015 में रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रनों के लिए माधवराव सिंधिया पुरस्कार किसने जीता है? **— श्रेयस अय्यर ने**

☞ किस देश ने 2017 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती? **— पाकिस्तान ने**

☞ क्रिकेट के किस मैदान को 'क्रिकेट का मक्का' कहा जाता है? **— द लॉर्ड्स, लंदन**

☞ क्रिकेट विश्व कप, 2023 की मेजबानी कौन-सा देश करेगा? **— भारत**

☞ किस खेल को जेंटलमैन का खेल कहा जाता है? **— क्रिकेट**

☞ पहला टी-20 क्रिकेट विश्व कप को किसने जीता? **— भारत ने**

☞ किसने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोहरा शतक नहीं बनाया? **— ब्रायन लारा ने**

☞ किसने टेस्ट मैचों में दो तिहरे शतक बनाए? **— ब्रायन लारा ने**

☞ किस क्रिकेट खिलाड़ी ने टेस्ट मैच की एक पारी में 400 रनों का स्कोर बनाया था? **— ब्रायन लारा ने**

☞ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का मुख्यालय कहां है? **— दुबई में**

☞ BCCI की संरचना और कार्यप्रणाली में ......... ने परिवर्तन करने की सिफारिश की थी। **— लोढ़ा समिति**

☞ किस देश ने प्रथम क्रिकेट विश्व कप जीता था? **— वेस्टइंडीज ने**

☞ ............. इंग्लैंड का राष्ट्रीय खेल है। **— क्रिकेट**

☞ टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले प्रथम भारतीय हैं। **— वीरेंद्र सहवाग**

☞ सर्वाधिक टेस्ट शतक बनाने का श्रेय .......... को जाता है। **— सचिन तेंदुलकर**

☞ किसने टेस्ट मैचों में एक भी तिहरा शतक नहीं बनाया? **— सचिन तेंदुलकर**

☞ ब्रेंडन मैक्कुलम ............. का क्रिकेट खिलाड़ी है। **— न्यूजीलैंड**

☞ मार्टिन क्रोव किस देश का क्रिकेट खिलाड़ी था? **— न्यूजीलैंड का**

☞ किस देश ने 2016 में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीता था? **— वेस्टइंडीज ने**

☞ किस राज्य ने वर्ष 2015-2016 में रणजी ट्रॉफी जीती? **— मुंबई ने**

☞ अंजुम चोपड़ा किस खेल के साथ जुड़ी हुई हैं? **— क्रिकेट**

☞ वर्ष 2016 में आईसीसी वर्ल्ड कप टी-20 खिताब किसने जीता? **— वेस्टइंडीज**

☞ बी.सी.सी.आई. द्वारा हाल ही में किसे भारतीय क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया है? **— अनिल कुंबले**

☞ सी.के. नायडू कप किस खेल से संबंधित है? **— क्रिकेट**

☞ किसी प्रतियोगी मैच में एक पारी में 1000 रन बनाने वाले प्रथम क्रिकेटर का नाम बताइए? **— प्रणव धनवाड़े**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. किस खेल के साथ 'वाइड बॉल' जुड़ा हुआ है?**

(a) क्रिकेट (b) हॉकी

(c) फुटबॉल (d) टेबल टेनिस

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 20 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

वाइड बॉल क्रिकेट शब्द से जुड़ी शब्दावली है। किसी गेंदबाज द्वारा फेंकी गई गेंद बल्लेबाज से इतनी दूर या ऊंची हो जिसे सामान्य क्रिकेट शॉट के माध्यम से बल्लेबाज हिट न कर सके तो, वह अंपायर द्वारा वाइड बॉल करार दी जाती है।

**2. रणजी ट्रॉफी किससे संबद्ध है?**

(a) हॉकी (b) फुटबॉल

(c) क्रिकेट (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

रणजी ट्रॉफी क्रिकेट से संबंधित है। यह प्रतियोगिता भारत में वर्ष 1934-35 से आयोजित होती रही है। 3-7 फरवरी, 2019 के मध्य विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, नागपुर में रणजी ट्रॉफी का 85वां संस्करण संपन्न हुआ। विदर्भ ने दिल्ली को हराकर लगातार दूसरी बार यह खिताब जीत लिया।

**3. खिलाड़ियों को 'रणजी ट्रॉफी' किस खेल में दी जाती है?**

(a) फुटबॉल (b) हॉकी

(c) क्रिकेट (d) कबड्डी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**4. कौन-सा देश 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी करेगा?**

(a) इंग्लैंड (b) दक्षिण अफ्रीका

(c) भारत (d) वेस्ट इंडीज

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी इंग्लैंड एवं वेल्स के द्वारा की जानी है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 का आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का मेजबान देश भारत है। यह पहला अवसर होगा जब ICC पुरुष विश्व कप पूर्णतया भारत द्वारा आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व तीन संस्करणों (1987, 1996 और 2011) में साझीदार मेजबान था।

**5. जनवरी, 2010 में आयोजित रणजी ट्रॉफी क्रिकेट चैंपियनशिप का विजेता था-**

(a) उत्तर प्रदेश (b) मुंबई

(c) पंजाब इलेवन (d) दिल्ली इलेवन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

रणजी ट्रॉफी वर्ष 2009-10 का फाइनल 11-14 जनवरी, 2010 के मध्य मैसूर में खेला गया। मुंबई ने फाइनल में कर्नाटक को 6 रनों से पराजित कर यह ट्रॉफी जीत ली थी। मुंबई सर्वाधिक 41 बार यह ट्रॉफी जीत चुका है।

**6. डेविड वॉर्नर किस देश के लिए क्रिकेट खेलते हैं?**

(a) इंग्लैंड (b) न्यूजीलैंड

(c) ऑस्ट्रेलिया (d) श्रीलंका

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(c)**

डेविड वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं।

**7. वर्ष 2015 में क्रिकेट विश्व कप (पुरुष) में भारत किस देश से सेमीफाइनल में हारा था?**

(a) श्रीलंका (b) न्यूजीलैंड

(c) पाकिस्तान (d) ऑस्ट्रेलिया

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

फरवरी-मार्च, 2015 के मध्य आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड की संयुक्त मेजबानी में संपन्न हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल मैच में भारत को 95 रनों से पराजित किया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से पराजित कर पांचवीं बार विश्व कप का खिताब जीत लिया।

**8. निम्नलिखित में से किस मैदान ने पहली बार 9 नवंबर, 2016 को भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच का आयोजन किया था?**

(a) जे.एस.सी.ए. अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, रांची

(b) सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, राजकोट

(c) हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, धर्मशाला

(d) होल्कर क्रिकेट स्टेडियम, इंदौर

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

पहली बार 9 नवंबर, 2016 को भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच का आयोजन सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, राजकोट में किया गया।

**9. टी-20 विश्व कप, 2016 के फाइनल में निम्नलिखित देशों में से किस देश ने इंग्लैंड को हराया था?**

(a) भारत (b) वेस्टइंडीज

(c) ऑस्ट्रेलिया (d) पाकिस्तान

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

टी-20 विश्व कप, 2016 में वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को हराया था। टी-20 विश्व कप, 2020 ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में 18 अक्टूबर से 15 नवंबर, 2020 के मध्य आयोजित किया जाएगा।

**10. सचिन तेंदुलकर ने निम्नलिखित में से किस स्टेडियम में अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाया था?**

(a) वानखेड़े स्टेडियम (b) शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम

(c) शहीद चंदू स्टेडियम (d) बारावती स्टेडियम

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 12 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

सचिन तेंदुलकर ने अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय शतक शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम, ढाका में मार्च, 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए एकदिवसीय मैच में बनाया।

**11. 1 जून, 2014 को खेले गए आई.पी.एल-7 के फाइनल में किसने किंग्स XI पंजाब को हराया?**

(a) सनराइजर्स हैदराबाद (b) चेन्नई सुपर किंग्स

(c) दिल्ली डेयर डेविल्स (d) कोलकाता नाइटराइडर्स

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

1 जून, 2014 को बंगलुरू के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आई.पी.एल.- 7 का खिताब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने फाइनल में किंग्स XI पंजाब को तीन विकेट से हराकर जीत लिया। मई, 2018 में आई.पी.एल.- 11 का खिताब चेन्नई सुपर किंग्स (कप्तान- एम.एस. धौनी) ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद (कप्तान- केन विलियम्सन) को 8 विकेट से पराजित कर जीत लिया।

**12. किस देश की क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए दूसरी इनिंग में 418 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए टेस्ट में इतिहास रचा था?**

(a) न्यूजीलैंड (b) इंग्लैंड

(c) पाकिस्तान (d) वेस्टइंडीज

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए दूसरी इनिंग में 418 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचा था। वेस्टइंडीज की टीम ने यह कारनामा 7 विकेट खोकर सेंट जॉन्स में मई, 2003 में किया था।

**13. भारत की अंडर-19 टीम के उस कैप्टन का नाम बताइए जिसके नेतृत्व में भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल 2012 जीता?**

(a) प्रशांत चोपड़ा (b) अक्षदीप नाथ

(c) संदीपन दास (d) उन्मुक्त चंद

**S.S.C.मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(d)**

अगस्त, 2012 में ऑस्ट्रेलिया में संपन्न ICC U-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल भारत ने उन्मुक्त चंद की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को पराजित कर जीत लिया था। 13 जनवरी - 3 फरवरी, 2018 के मध्य न्यूजीलैंड में संपन्न U-19 क्रिकेट विश्व कप, 2018 का खिताब भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर कर जीत लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान पृथ्वी शॉ थे। भारतीय क्रिकेटर शुभम गिल को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया।

**14. 18 अगस्त, 2012 को किस भारतीय बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की?**

(a) विराट कोहली (b) सौरभ गांगुली

(c) सचिन तेंदुलकर (d) वी.वी.एस. लक्ष्मण

**S.S.C.मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(d)**

भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज वी.वी.एस.लक्ष्मण ने 18 अगस्त, 2012 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अपने कॅरियर के 134 टेस्ट एवं 86 एकदिवसीय मैचों में इन्होंने क्रमशः 8781 तथा 2338 रन बनाए हैं।

**15. वर्ष 2012 में चैंपियंस लीग ट्वेंटी (सीएलटी-20) ट्रॉफी किसने जीती?**

(a) सिडनी सिक्सर्स (b) हाइवेल्ड लॉयंस

(c) नशुआ टाइटन्स (d) दिल्ली डेयर डेविल्स

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(a)**

चैंपियंस लीग ट्वेंटी, 2012 (सीएलटी-20) का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में 9-28 अक्टूबर, 2012 के मध्य संपन्न हुआ। यह ट्रॉफी सिडनी सिक्सर्स ने हाइवेल्ड लॉयंस को हराकर जीता। वर्ष 2014 में भारत में संपन्न इस प्रतियोगिता का खिताब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को फाइनल में पराजित कर जीत लिया। अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 'चैंपियंस लीग टी-20' का 6वां और अंतिम संस्करण भारत में 13 सितंबर से 4 अक्टूबर, 2014 के मध्य आयोजित किया गया था।

**16. क्रिकेट में विकेट के दो सेट .......... होते हैं।**

(a) 24 गज दूर (b) 18 गज दूर

(c) 20 गज दूर (d) 22 गज दूर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

क्रिकेट में विकेट के दो सेट 22 गज (66 फीट या 20.012 मी.)की दूरी पर होते हैं। यह स्टंप 264 सेमी. क्षैतिज रेखा के मध्य गाड़े जाते है। इसी रेखा को बॉलिंग क्रीज कहा जाता है। बॉलिंग क्रीज से 122 सेमी. आगे पॉपिंग क्रीज होती है। अगर बॉलिंग करते समय बॉलर का पहला पैर (Left or Right) पॉपिंग क्रीज के पूर्णतया बाहर चला जाए तो वह बॉल अंपायर द्वारा नो बॉल करार दी जाती है।

**17. फरवरी, 2013 में आई.सी.सी. का महिला विश्व कप किस देश ने जीता था?**

(a) न्यूजीलैंड (b) इंग्लैंड

(c) ऑस्ट्रेलिया (d) भारत

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

फरवरी, 2013 में भारत की मेजबानी में संपन्न 10वें ICC महिला विश्व कप का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पराजित कर जीता था। न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' घोषित किया गया। महिला विश्व कप, 2017 में इंग्लैंड ने भारत को 9 रन से हराकर खिताब जीत लिया। इंग्लैंड का चौथा खिताब था। 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' टैमी ब्यूमोंट (यू.के.) को चुना गया।

**18. वर्ष 2011 में विश्व कप का आतिथ्य संयुक्त रूप से किया जाएगा-**

(a) भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश द्वारा

(b) भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश द्वारा

(c) बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका द्वारा

(d) बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत द्वारा

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

वर्ष 2011 का क्रिकेट विश्व कप भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। आरंभ में पाकिस्तान भी आयोजक सदस्य देशों में शामिल था परंतु सुरक्षा कारणों से उससे मेजबानी छीन ली गई। इससे पूर्व संपन्न विश्व कप आयोजक देश इस प्रकार हैं-

2007- वेस्टइंडीज, 2003- द. अफ्रीका, 1999- इंग्लैंड, 1996- भारत, पाकिस्तान एवं श्रीलंका, 1992- ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड, 1987- भारत एवं पाकिस्तान, 1983- इंग्लैंड, 1979- इंग्लैंड, 1975- इंग्लैंड। उल्लेखनीय है कि 2015 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड (संयुक्त मेजबानी) में संपन्न हुआ। वर्ष 2019 का विश्व कप इंग्लैंड में तथा वर्ष 2023 का विश्व कप भारत में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

**19. क्रिकेट 2007 का विश्व कप आयोजित होगा—**

(a) वेस्टइंडीज में (b) ऑस्ट्रेलिया में

(c) दक्षिण अफ्रीका में (d) इंग्लैंड में

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. सचिन तेंदुलकर ने 12 मार्च, 2012 को एशिया कप में किसके सामने खेलते हुए अपनी 100वीं सेंचुरी बनाई?**

(a) बांग्लादेश (b) श्रीलंका

(c) पाकिस्तान (d) इंडोनेशिया

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

सचिन तेंदुलकर ने 12 मार्च, 2012 को एशिया कप में बांग्लादेश के विरुद्ध खेलते हुए अपने अंतरराष्ट्रीय मैचों का 100वां शतक बनाया।

**21. आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, 2015 का उद्घाटन समारोह 12 फरवरी, 2015 को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के किन शहरों में आयोजित किया गया?**

(a) क्राइस्टचर्च और मेलबर्न

(b) हेमिल्टन और पर्थ

(c) नेपियर और एडिलेड

(d) वेलिंगटन और सिडनी

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

11वें विश्व कप टूर्नामेंट, 2015 का उद्घाटन समारोह 12 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न तथा न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च शहर में एक ही समय पर अलग-अलग आयोजित किया गया।

22. **आईसीसी विश्व कप, 2015 का एम्बेसेडर किसे नामित किया गया है?**
(a) सनथ टेरन जयसूर्या
(b) एलेन रॉबर्ट वॉर्डर
(c) सर इसाक विवियन अलैक्जेंडर रिचर्ड्स
(d) सचिन तेंदुलकर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

आईसीसी द्वारा सचिन तेंदुलकर को लगातार दूसरी बार विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आधिकारिक दूत (Ambassador) नियुक्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सचिन ने भारत, श्रीलंका एवं बांग्लादेश की संयुक्त मेजबानी में आयोजित वर्ष 2011 की विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भी यह भूमिका निभाई थी।

23. **आई.सी.सी. का प्रथम ट्वेंटी-20 विश्व कप प्रतियोगिता किसने जीती?**
(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) इंग्लैंड

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2007 में ICC के प्रथम ट्वेंटी-20 विश्व कप का आयोजन द. अफ्रीका में हुआ था। भारत ने फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 5 रनों से पराजित कर यह विश्व कप जीत लिया था। इसके बाद संपन्न अन्य पांच विश्व कप इस प्रकार रहे-

| वर्ष | आयोजक देश | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|---|
| 2009 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | श्रीलंका |
| 2010 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया |
| 2012 | श्रीलंका | वेस्टइंडीज | श्रीलंका |
| 2014 | बांग्लादेश | श्रीलंका | भारत |
| 2016 | भारत | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड |

टी-20 विश्व कप 2020 का आयोजन 18 अक्टूबर-15 नवंबर, 2020 के मध्य ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में आयोजित किया जाएगा। इसके अगले ही वर्ष 2021 में टी-20 विश्व कप, 2021 का आयोजन भारत में प्रस्तावित है।

24. **निम्नलिखित ट्वेंटी-20 क्रिकेट नियमों से कौन-सा सही नहीं बताया गया है?**
(a) हर पारी की समय सीमा 75 मिनट होती है।
(b) यदि विकेट गिरने के बाद 90 सेकंड के भीतर बैट्समैन क्रीज पर न पहुंचे तो बॉलिंग कर रही टीम को दंड के 5 अतिरिक्त रन मिलते हैं।
(c) एक बॉलर एक पारी में अधिकतम 6 ओवर बॉलिंग कर सकता है।
(d) पारी के पहले छह ओवरों के लिए फील्डिंग प्रतिबंध लागू होते हैं।

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

ICC के नियमों के अनुसार, ट्वेंटी-20 क्रिकेट के प्रारूप में एक बॉलर एक पारी में अधिकतम 4 ओवर ही बॉलिंग (गेंदबाजी) कर सकता है न कि 6 ओवर।

25. **निम्नलिखित में से किस देश की क्रिकेट टीम को 'टेस्ट' का दर्जा नहीं मिला है?**
(a) इंग्लैंड (b) बांग्लादेश
(c) दक्षिण अफ्रीका (d) केन्या

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त दिए गए विकल्पों में ICC के एसोसिएट सदस्य देश केन्या को 'टेस्ट' टीम का दर्जा नहीं मिला है, जबकि अन्य तीनों देश पूर्णकालिक सदस्य हैं और यह क्रिकेट के तीनों संस्करणों में खेल सकते हैं। वर्तमान में 12 देशों—ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बॉब्वे, श्रीलंका, अफगानिस्तान तथा आयरलैंड को टेस्ट टीम का दर्जा (पूर्णकालिक सदस्य) प्राप्त है। उल्लेखनीय है कि जून, 2017 में अफगानिस्तान तथा आयरलैंड को आईसीसी का पूर्णकालिक दर्जा दिया गया।

26. **आईसीसी द्वारा निम्न में से किस क्रिकेटर को 'बीसवीं शताब्दी का क्रिकेटर' घोषित किया गया है?**
(a) सुनील गावस्कर (b) कपिल देव
(c) शेन वार्न (d) ब्रायन लारा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(*)**

विजडन (Wisden) द्वारा बीसवीं शताब्दी के पांच क्रिकेटरों की सूची घोषित की गई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न भी शामिल थे। ICC द्वारा इस प्रकार की कोई घोषणा नहीं की गई है। विजडन के अन्य चार क्रिकेटर हैं- सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (ऑस्ट्रेलिया), सर गारफील्ड सोबर्स (वेस्टइंडीज), सर जैम्स हाब्स (इंग्लैंड) एवं सर विवयन रिचर्ड्स (वेस्टइंडीज)।

27. **'बीमर' शब्द का संबंध किस खेल के साथ है?**
(a) फुटबॉल (b) हॉकी
(c) क्रिकेट (d) शतरंज

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

बीमर (Beamer) क्रिकेट में गेंदबाजी से जुड़ी शब्दावली है। जब कोई गेंद तीव्रगति से बिना बाउंस के बल्लेबाज की कमर के ऊपर से फेंकी जाती है, तो उस गेंद को बीमर की संज्ञा दी जाती है।

**28. जो भारतीय क्रिकेट टीम हाल में दक्षिण अफ्रीका में टी-20 के दौरे पर गई थी, उसके उपकप्तान का नाम बताइए?**

(a) वीरेंद्र सहवाग (b) अनिल कुंबले
(c) इरफ़ान पठान (d) युवराज सिंह

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**

वर्ष 2007 में प्रथम ट्वेंटी-20 विश्व कप खेलने के लिए द. अफ्रीका के दौरे पर गई भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान युवराज सिंह एवं कप्तान महेंद्र सिंह धौनी थे।

**29. एशिया कप, 2008 फाइनल खेला गया था—**

(a) भारत और श्रीलंका के बीच
(b) पाकिस्तान और भारत के बीच
(c) श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच
(d) बांग्लादेश और भारत के बीच

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

एशिया कप, 2008 का आयोजन पाकिस्तान में हुआ था। प्रतियोगिता के फाइनल में श्रीलंका ने भारत को 100 रनों से पराजित कर खिताब जीत लिया था। एशिया कप, 2018 का चैंपियन भारत है जिसने फाइनल में बांग्लादेश को 3 विकेट से पराजित कर यह उपलब्धि प्राप्त की। दिसंबर, 2018 में ICC ने एशिया कप (वनडे) की मेजबानी पाकिस्तान (सितंबर, 2020 में) को सौंपी है परंतु अभी यह अनिश्चित है मैच पाकिस्तान में खेले जाएंगे या फिर संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में। 14 फरवरी, 2019 में जम्मू-श्रीनगर हाइवें पर CRPF जवानों पर हमले के बाद ICC मेजबानी पर पुनर्विचार कर सकती है।

**30. क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट में एक पारी में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड किस देश की क्रिकेट टीम के पास है?**

(a) श्रीलंका (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) भारत (d) न्यूजीलैंड

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट में एक पारी में सर्वाधिक 413 रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के नाम है, जो उसने 19 मार्च, 2007 को पोर्ट ऑफ स्पेन के मैदान में बरमूडा के विरुद्ध बनाए थे। भारत ने श्रीलंका द्वारा केन्या के विरुद्ध वर्ष 1996 के विश्व कप में बनाए गए, 398/5 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा था। भारत का यह रिकॉर्ड 4 मार्च, 2015 को ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में अफगानिस्तान के विरुद्ध 417/6 रन बनाकर तोड़ दिया।

**31. अब तक टेस्ट क्रिकेट की किसी एक पारी में सबसे अधिक स्कोर किसने बनाया है?**

(a) मैथ्यू हेडेन (b) डॉन ब्रेडमैन
(c) माहेला जयवर्धने (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों में किसी एक पारी में सर्वाधिक 400 रन बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा के नाम है जो उन्होंने अप्रैल, 2004 में इंग्लैंड के विरुद्ध बनाए थे। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडेन हैं जिनके नाम 380 रन दर्ज हैं।

**32. किसी टेस्ट मैच की एक पारी में सर्वाधिक रन बटोरने का कीर्तिमान किस क्रिकेट खिलाड़ी के नाम है?**

(a) गैरी सोबर्स (b) विवियन रिचर्ड्स
(c) सुनील गावस्कर (d) ब्रायन लारा

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. निम्नलिखित में से कौन हरियाणा तूफान (हरिकेन) के नाम से प्रसिद्ध है?**

(a) अजय जडेजा (b) अजय रत्स
(c) कपिल देव (d) नवाब पटौदी

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव को 'हरियाणा तूफान' (Haryana Hurricane) के नाम से भी जाना जाता था। उल्लेखनीय है कि इन्हीं के नेतृत्व में वर्ष 1983 में भारतीय क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप जीता था।

**34. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकदिवसीय क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाला पहला व्यक्ति था-**

(a) कपिल देव (b) इमरान खान
(c) रिचर्ड हैडली (d) इयान बॉथम

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकदिवसीय क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले प्रथम खिलाड़ी भारत के भूतपूर्व कप्तान कपिल देव हैं जिन्होंने 22 अक्टूबर, 1991 को यह उपलब्धि शरजाह में प्राप्त की थी।

**35. भारतीय क्रिकेट टीम में पहला टेस्ट सेंचुरियन कौन था?**

(a) वीनू मांकड (b) सी.के. नायडू
(c) लाला अमरनाथ (d) मंसूर अली पटौदी

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में प्रथम टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड लाला अमरनाथ के नाम है। उन्होंने दिसंबर, 1933 में इंग्लैंड के विरुद्ध दूसरी पारी में शानदार 118 रन बनाए थे।

**36. भारत ने फाइनल में............को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप, 2012 जीता है।**

(c) ऑस्ट्रेलिया (d) इंग्लैंड

(c) दक्षिण अफ्रीका (d) पाकिस्तान

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

भारत ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंडर - 19 क्रिकेट विश्व कप, 2012 का खिताब 26 अगस्त, 2012 को जीता था। वर्ष 2018 में U-19 विश्व कप का खिताब भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकटों से पराजित कर जीत लिया।

**37. बी.सी.सी.आई. का अध्यक्ष कौन है?**

(a) जगमोहन डालमिया (b) रणवीर सिंह महेंद्र

(c) शरद पवार (d) ए.सी. मुथैया

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

दिए गए विकल्पों में जगमोहन डालमिया वर्ष 2001-2004 तक, रणवीर सिंह महेंद्र वर्ष 2004-2005 तक, शरद पवार वर्ष 2005-2008 तक, शशांक मनोहर वर्ष 2008-2011 तक BCCI के अध्यक्ष रहे थे। वर्ष 2011 से 2013 तक एन.श्रीनिवासन अध्यक्ष थे परंतु वर्ष 2013 में कुछ दिनों के लिए जगमोहन डालमिया BCCI ने अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किए गए थे। वर्ष 2013 से यह पद एन. श्रीनिवासन संभाल रहे थे परंतु वर्ष 2014 में निलंबित कर दिए गए हैं। इसके बाद 2 मार्च, 2015 से जगमोहन डालमिया पुनः BCCI के अध्यक्ष थे परंतु सितंबर, 2015 में उनके निधन के बाद अक्टूबर, 2015 में इस पद पर शशांक मनोहर आसीन थे। सुप्रीम कोर्ट ने लोढ़ा समिति की सिफारिशों को लागू नहीं करने के कारण अनुराग ठाकुर को बीसीसीआई के अध्यक्ष पद और अजय शिर्के को सचिव पद से हटा दिया था। इसके पश्चात जनवरी, 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने विनोद राय की अध्यक्षता में चार प्रशसकों को नियुक्त किया। वर्तमान में सी.के. खन्ना बीसीसीआई के कार्यवाहक (Acting) अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

**38. आई.पी.एल.-4 की शृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने के उपलक्ष्य में 'बैंगनी टोपी' किसे मिली थी?**

(a) हरभजन सिंह (b) लसिथ मलिंगा

(c) डेनियल विटोरी (d) ऐल्बी मोरकेल

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

आई.पी.एल.-4 में सर्वाधिक विकेट लेने के लिए बैंगनी टोपी (Purple Cap) मुंबई इंडियंस के श्रीलंकाई गेंदबाज लसिथ मलिंगा (28 विकेट) ने प्राप्त की थी। आई.पी.एल. के 11वें संस्करण (2018) में किंग्स इलेवन पंजाब के एंड्र्यु टाई ने सर्वाधिक 24 विकेट लेकर पर्पल कैप (Purple Cap) प्राप्त किया।

**39. क्रिकेट की गेंद को किस कोण से मारा जाना चाहिए, ताकि वह अधिकतम क्षैतिज दूरी तक जा सके?**

(a) क्षैतिज से 60° का कोण (b) क्षैतिज से 45° का कोण

(c) क्षैतिज से 30° का कोण (d) क्षैतिज से 15° का कोण

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

क्रिकेट की गेंद को क्षैतिज से 45° के कोण से फेंके जाने पर वह अधिकतम क्षैतिज दूरी तय करेगी।

**40. इंडियन प्रीमियर लीग, 2011 में निम्न में से किसने 'गोल्डेन प्लेयर अवॉर्ड' जीता था?**

(a) लसिथ मलिंगा (b) सचिन तेंदुलकर

(c) एम.एस. धौनी (d) क्रिस गेल

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

इंडियन प्रीमियर लीग, 2011 में रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू के क्रिस गेल ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 608 रन बनाए थे और उन्हें 'गोल्डेन प्लेयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था। IPL-2018 में सनराइजर्स हैदराबाद के केन विलियम्सन (735 रन) को सर्वाधिक रनों हेतु ऑरेंज कैप (Orange Cap) से पुरस्कृत किया गया था।

**41. क्रिकेट के बल्ले बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस लकड़ी का प्रयोग किया जाता है?**

(a) मोरस एल्बा (b) सेड्रस देवदार

(c) लिनन यूसीटेटिसोइमम (d) सैलिक्स परप्युरिया

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

क्रिकेट के बल्ले बनाने के लिए सैलिक्स परप्युरिया लकड़ी का प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त सैलिक्स प्रजाति में ही आने वाली सैलिक्स एल्बा केरूलिया का प्रयोग भी क्रिकेट बल्लों के निर्माण में होता है।

## ❑ फुटबॉल

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ वर्ष 2018 में होने वाले फीफा विश्व कप (पुरुष) की मेजबानी कौन-सा देश करेगा? **— रूस**

☞ 2014 के फीफा विश्व कप (पुरुष) का फाइनल मैच किन देशों के बीच खेला गया था? **— जर्मनी और अर्जेंटीना**

☞ फुटबॉल की एक मैच के एक भाग की अवधि (मिनट में) कितनी होती है? **— 45**

☞ किस स्थान को 'इंडियन फुटबॉल का मक्का' नाम से भी जाना जाता है? **— कोलकाता को**

☞ किस खेल में प्रसिद्ध 'गोल्डन बॉल अवॉर्ड' प्रस्तुत किया जाता है? **— फुटबॉल में**

☞ कौन-सा खेल सही ढंग से इसके अन्य नाम के साथ रखा गया है? **— फुटबॉल-सॉकर**

☞ किसी भी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल क्लब के लिए खेलने वाले पहले भारतीय कौन थे? **— बाईचुंग भूटिया**

☞ फुटबॉल टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं? **— 11**

☞ सुनील छेत्री किस खेल से संबंधित हैं? **— फुटबॉल से**

☞ कौन-सा देश फीफा अंडर 17 वर्ल्ड कप, 2017 का मेजबान है? **— भारत**

☞ रग्बी फुटबॉल में प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या कितनी होती है? **— 15**

☞ किस खेल में प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या सर्वाधिक होती है? **— रग्बी फुटबॉल में**

☞ संतोष ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है? **— फुटबॉल से**

☞ प्रथम भारतीय सुपर लीग फुटबॉल के विजेता कौन हैं? **— एटलेटिको डी कोलकाता**

☞ इंडियन सुपर लीग किस खेल के साथ जुड़ा हुआ है? **— फुटबॉल से**

☞ फीफा विश्व कप 2014 का थीम सांग किसने गाया था? **— पिटबुल और जेनिफर लोपेज ने**

☞ किस टीम ने वर्ष 2016 की यूईएफए (UEFA) फुटबॉल चैंपियनशिप जीती थी? **— पुर्तगाल ने**

☞ फ्रांस, जर्मनी, पुर्तगाल एवं आइसलैंड में से किस देश ने यूरो कप, 2016 (फुटबॉल) का खिताब जीता? **— पुर्तगाल**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. 'रोवर्स कप' निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है?**

(a) फुटबॉल (b) हॉकी
(c) गोल्फ (d) बास्केटबॉल

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 8 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

रोवर्स कप फुटबॉल खेल से संबंधित है। 1891 ई. में प्रारंभ रोवर्स कप विश्व की दूसरी प्राचीनतम फुटबॉल प्रतियोगिता है, जबकि डूरंड कप (1888) विश्व की पहली फुटबॉल प्रतियोगिता है। वर्ष 1923 में मोहन बॉगान रोवर्स कप खेलने वाली पहली भारतीय टीम बनी थी। 2000-01 में आखिरी बार यह प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसे मोहन बागान ने चर्चिल ब्रदर्स को 2-0 से पराजित कर जीत लिया था। वेस्टर्न इंडिया फुटबॉल एसोसिएशन (WIFA) यह टूर्नामेंट पुनः प्रारंभ कराने हेतु प्रयासरत है।

**2. 'रोवर्स कप' किस खेल से संबंधित है?**

(a) टेनिस (b) फुटबॉल
(c) वॉलीबॉल (d) हॉकी

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

रोवर्स कप फुटबॉल खेल से संबंधित टूर्नामेंट है।

**3. 2016-17 प्रीमियर लीग (फुटबॉल) का विजेता कौन है?**

(a) लीसेस्टर सिटी (b) मैनचेस्टर सिटी
(c) चेल्सी (d) मैनचेस्टर युनाइटेड

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातकस्तरीय (T-I) 19 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(c)**

2016-17 प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब सर्वाधिक 93 अंकों के साथ चेल्सी फुटबॉल क्लब ने जीत लिया। 2017-18 की प्रीमियर लीग का खिताब सर्वाधिक अंकों के साथ मैनचेस्टर सिटी ने जीत लिया है।

**4. ब्राज़ील ने विश्व कप फुटबॉल चैंपियनशिप कितनी बार जीती?**

(a) पांच (b) एक
(c) चार (d) दो

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(a)**

ब्राज़ील ने अपना पांचवां फीफा विश्व कप फुटबॉल खिताब वर्ष 2002 में जीता था। यह विश्व कप द. कोरिया और जापान की संयुक्त मेजबानी में संपन्न हुआ था। वर्ष 2018 में रूस में संपन्न विश्व कप का खिताब फ्रांस ने क्रोएशिया को 4- 2 से पराजित कर जीता है।

5. **वर्ष 2014 में कौन-सा देश अगले विश्व कप फुटबॉल की मेज़बानी करेगा?**

(a) स्पेन (b) फ्रांस

(c) चिली (d) ब्राज़ील

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

20वें फीफा फुटबॉल विश्व कप का आयोजन 12 जून से 13 जुलाई, 2014 के मध्य ब्राज़ील में किया गया। 21वां विश्व कप वर्ष 2018 में रूस में आयोजित किया गया तथा 22वां विश्व कप वर्ष 2022 में कतर में आयोजित किया जाएगा।

6. **2018 फीफा विश्व कप आयोजित किया जाएगा-**

(a) रूस में (b) कतर में

(c) फ्रांस में (d) नीदरलैंड्स में

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

7. **रग्बी फुटबॉल में प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की कितनी संख्या होती है?**

(a) 16 (b) 12

(c) 11 (d) 15

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

रग्बी फुटबॉल में प्रत्येक पक्ष में 15 खिलाड़ी होते हैं।

8. **ए.एफ.सी. चैलेंज कप, 2008 के फाइनल में प्रवेश करने वाले थे-**

(a) भारत और म्यांमार

(b) भारत और तजाकिस्तान

(c) डी.पी.आर.के. और तजाकिस्तान

(d) म्यांमार और डी.पी.आर.के.

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

ए.एफ.सी. चैलेंज कप फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 13 अगस्त, 2008 को भारत और तजाकिस्तान के मध्य खेला गया था। भारत ने 4-1 के गोल अंतर से यह प्रतियोगिता जीत ली थी। मालदीव में संपन्न 2014 ए.एफ.सी. चैलेंज कप का विजेता देश फिलीस्तीन है। 2014 इस टूर्नामेंट का अंतिम संस्करण था।

9. **ए.एफ.सी. (एशियन फुटबॉत कॉनफेडरेशन), फाइनल, 2008 में भारत से कौन हारा था?**

(a) म्यांमार (b) श्रीलंका

(c) पाकिस्तान (d) तजाकिस्तान

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

10. **दक्षिण अफ्रीका में खेले गए विश्व कप, 2010 (FIFA) में जर्मन टीम के कप्तान का नाम बताइए?**

(a) फर्नेन्डो टॉरेस (b) थॉमस मुल्लर

(c) फिलिप लाहम (d) ज़ैबी ऐलोन्सो

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

FIFA फुटबॉल विश्व कप, 2010 के दौरान जर्मनी की फुटबॉल टीम के कप्तान फिलिप लाहम (Philipp Lahm) थे।

11. **निम्न में किस देश ने 2002, 2006 और 2010 में कोई भी 'फीफ़ा विश्व कप' नहीं जीता?**

(a) ब्राज़ील (b) इटली

(c) स्पेन (d) दक्षिण अफ्रीका

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

प्रश्न में दिए गए वर्षों की फीफा फुटबॉल विश्व कप विजेता टीमें इस प्रकार हैं-

| वर्ष | - | विजेता |
|---|---|---|
| 2002 | - | ब्राज़ील |
| 2006 | - | इटली |
| 2010 | - | स्पेन |

अतः इन वर्षों के दौरान दक्षिण अफ्रीका विश्व कप जीतने में असफल रहा। हालांकि वर्ष 2010 के विश्व कप का मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका था।

12. **2010 फीफा विश्व कप फाइनल आयोजित किया गया था—**

(a) पेरिस में (b) बर्लिन में

(c) जोहॉन्सबर्ग में (d) लंदन में

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

फीफा विश्व कप, 2010 का फाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका के जोहॉन्सबर्ग में आयोजित किया गया था। फाइनल में स्पेन ने नीदरलैंड्स को 1-0 से पराजित कर विश्व कप जीत लिया था।

**13. भारत में 'फेडरेशन कप' का संबंध किस खेल के साथ है?**

(a) हॉकी (b) फुटबॉल
(c) बास्केटबॉल (d) बैडमिंटन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

भारत के संदर्भ में 'फेडरेशन कप' वर्ष 1977 से प्रारंभ वार्षिक नॉक आउट प्रारूप में खेली जाने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता है। इसकी अंतिम प्रतियोगिता, 2016-17 में हुई थी। जिसका फाइनल बंगलुरू एफसी ने मोहन बागान को 2-0 पराजित कर जीत लिया।

**14. संतोष ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है?**

(a) हॉकी (b) फुटबॉल
(c) बास्केटबॉल (d) बैडमिंटन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

रोवर्स कप, डूरंड कप, फेडरेशन कप एवं संतोष ट्रॉफी भारतीय फुटबॉल की प्रमुख प्रतियोगिताएं हैं।

**15. वर्ष 2005 में संतोष ट्रॉफी किसने जीती थी?**

(a) गोवा (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) पश्चिम बंगाल

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006***

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2005 में संपन्न फुटबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता संतोष ट्रॉफी वर्ष 2005-06 का खिताब गोवा ने महाराष्ट्र को पराजित कर जीता था। वर्ष 2017-18 की संतोष ट्रॉफी का खिताब केरल (6वां खिताब) ने पश्चिम बंगाल को पराजित कर जीता।

**16. नेहरू ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है?**

(a) हॉकी (b) फुटबॉल
(c) कबड्डी (d) टेबल-टेनिस (महिला)

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

नेहरू कप ट्रॉफी फुटबॉल से संबंधित है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने अप्रैल, 2017 में नेहरू कप के स्थान पर एक नई चैंपियंस कप की योजना बनाई। वर्ष 2017 में इसके स्थान पर Hero Tri-Nations Series खेला गया। फिर 2018 में इसके स्थान पर Intercontinental Cup आयोजित किया गया, जिसे भारत ने फाइनल में केन्या को 2-0 से पराजित कर जीत लिया।

**17. किस देश ने हाल में 'कोपा अमेरिका 2011' फाइनल जीता है?**

(a) ब्राज़ील (b) पराग्वे
(c) वेनेजुएला (d) पेरू

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011***

**उत्तर—(*)**

कोपा अमेरिका कप का फाइनल 24 जुलाई, 2011 को खेला गया था, जिसमें उरुग्वे ने पराग्वे को 3-0 से पराजित कर खिताब जीत लिया था। वर्ष 2016 में आयोजित इस प्रतियोगिता का खिताब चिली ने अर्जेंटीना को पेनाल्टी शूट में 4-2 से पराजित कर जीता। अगला 'कोपा अमेरिका' वर्ष 2019 में ब्राजील में होगा।

**18. 65 वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप (संतोष ट्रॉफी, 2011) का विजेता है–**

(a) मणिपुर (b) गोवा
(c) बंगाल (d) पंजाब

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

65वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप (संतोष ट्रॉफी, 2011) मई, 2011 में असम में संपन्न हुई, जिसमें पश्चिम बंगाल (बंगाल) ने मणिपुर को पराजित कर यह खिताब जीता। वर्ष 2012 का यह खिताब सर्विसेज ने तमिलनाडु को पराजित कर जीता। वर्ष 2013 का खिताब सर्विसेज ने केरल एवं 2014 का खिताब मिजोरम ने रेलवे को पराजित कर जीत लिया है।

## ❑ टेनिस

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ वर्ष 2017 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में, सेरेना विलियम्स ने अपनी बहन वीनस विलियम्स को हराकर अपने जीवन का -— एकल ग्रांड स्लैम खिताब जीता है। **— 23वां**

☞ यू.एस. ओपन, 2016 के पुरुष वर्ग में एकल खिताब किसने जीता है? **— स्टेन वावरिंका**

☞ स्टेन वावरिंका किस देश के लिए खेलते हैं? **— स्विट्जरलैंड**

☞ 'विम्बलडन' स्थान किस खेल से संबंधित है? **— लॉन टेनिस से**

☞ नोवाक जोकोविक किस खेल से जुड़े हुए हैं? **— टेनिस से**

☞ उस जगह का सामान्य नाम क्या है जहां बैडमिंटन खेला जाता है? **— कोर्ट**

☞ किसने 2017 महिला एकल विंबलडन चैंपियनशिप जीती है? **— गार्बिन मुगुरुजा ने**

☞ किस टेनिस टूर्नामेंट को प्रायः 'रोलां गैरों' कहा जाता है? **— फ्रेंच ओपन को**

☞ 2016 की विम्बल्डन प्रतियोगिता में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता? **— एंडी मरे ने**

☞ एंडी मरे किस खेल के साथ जुड़े हुए हैं?
**—लॉन टेनिस से**

☞ हॉपमैन कप ……….. से संबंधित है।
**— लॉन टेनिस से**

☞ अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर टेनिस लीग के संस्थापक कौन हैं?
**— महेश भूपति**

☞ महिला एकल विम्बलडन चैंपियनशिप, 2016 किसने जीती थी?
**— सेरेना विलियम्स**

☞ विम्बलडन महिला टेनिस टूर्नामेंट, 2016 जीतने के बाद सेरेना विलियम्स का 22 ग्रैंड स्लैम जीतने का रिकॉर्ड किसके बराबर हो गया?
**— स्टेफी ग्राफ**

☞ 'डेविस कप' का संबंध किस खेल से है? **— लॉन टेनिस**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. 'स्मैश' शब्द का संबंध किस खेल से जुड़ा हुआ है?**

(a) वॉलीबॉल (b) हॉकी
(c) लॉन टेनिस (d) क्रिकेट

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

'स्मैश' लॉन टेनिस से जुड़ा एक शब्द है। स्मैश वह शॉट होता है जो हिटर द्वारा सिर के ऊपर से सर्विस के रूप में मारा जाता है।

**2. 2017 पुरुषों की एकल बिम्बलडन चैंपियनशिप किसने जीती थी?**

(a) रोजर फेडरर (b) एंडी मरे
(c) नोवाक जोकोविक (d) राफेल नडाल

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 19 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2017 की बिम्बलडन चैंपियनशिप में पुरुषों का एकल खिताब स्विट्जरलैंड के खिलाड़ी रोजर फेडरर ने जीता, जबकि क्रोएशिया के मारिन सिलिक उपविजेता रहे। उल्लेखनीय है कि महिला एकल का खिताब स्पेन की गार्बिन मुगुरुजा को प्राप्त हुआ। 2018 में पुरुषों का एकल खिताब सर्बिया के नोवाक जोकोविक ने दक्षिण अफ्रीका के केविन एडंरसन को पराजित कर जीत लिया। महिला एकल का खिताब जर्मनी की एंजेलिक कर्बर के नाम रहा।

**3. किस खेल से 'एस' शब्द जुड़ा है?**

(a) टेनिस (b) बास्केटबॉल
(c) गोल्फ (d) साइक्लिंग

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

'एस' (Ace) शब्द टेनिस (लॉन टेनिस) खेल से जुड़ा है। इससे संबंधित अन्य शब्दों में, स्मैश, सर्विस, बैकहैंड,फोरहैंड ग्रिप आदि शामिल हैं।

**4. 2013 में लॉन टेनिस में रोजर्स कप महिला एकल की विजेता कौन थीं?**

(a) एग्नीज़का रदवांस्का (b) मारिया शारापोवा
(c) सेरेना विलियम्स (d) विक्टोरिया अजारेंका

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 2013 में लॉन टेनिस में रोजर्स कप महिला एकल विजेता सेरेना विलियम्स थीं जिन्होंने सोराना कर्स्टिया (रोमानिया) को हराया था। वर्ष 2018 के महिला एकल की विजेता सिमोना हालेप (रोमानिया) ने स्लोएन स्टीफेंस (अमेरिका) को पराजित किया।

**5. वर्ष 2013 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल खिताब के विजेता कौन हैं?**

(a) रोजर फेडरर (b) नोवाक जोकोविक
(c) डेविड फेरर (d) एंडी मरे

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

ऑस्ट्रेलियाई ओपन, 2013 का पुरुष एकल खिताब नोवाक जोकोविक (सर्बिया) ने ब्रिटेन के एंडी मरे को पराजित कर जीता था। इसी प्रतियोगिता का महिला एकल खिताब बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने चीन की ली ना को पराजित कर जीत लिया है। वर्ष 2018 का पुरुष एकल रोजर फेडरर (स्विट्जरलैंड) एवं महिला एकल कैरोलीन वोज्नियाकी (डेनमार्क) ने जीता।

**6. निम्न में से किस महिला टेनिस खिलाड़ी ने ग्रांड स्लैम की उपाधि सर्वाधिक बार जीती है?**

(a) वीनस विलियम्स (b) स्टेफी ग्राफ
(c) मार्ग्रेट कोर्ट (d) सेरेना विलियम्स

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 1977 में टेनिस कॅरियर से संन्यास लेने वाली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्ग्रेट कोर्ट ने अपने कॅरियर में कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं जो महिला टेनिस में विश्व रिकॉर्ड है। स्टेफी ग्राफ (जर्मनी) ने 22, सेरेना विलियम्स (अमेरिका) ने 23 (ऑस्ट्रेलियाई ओपन, 2017 तक) एवं वीनस विलियम्स (अमेरिका) ने 7 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। सेरेना और वीनस वर्तमान में टेनिस खेल रहीं हैं तथा इनके ग्रैंड स्लैम खिताबों की संख्या बढ़ सकती है।

**7. निम्न ग्रैंड स्लैम टाइटलों में से किसको 'रोलेंड गैरोस' टाइटल भी कहा जाता है?**

(a) ऑस्ट्रेलियन ओपन (b) फ्रेंच ओपन
(c) विम्बलडन (d) यू.एस.ओपन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013***

**उत्तर—(b)**

फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता को रोलेंड गैरोस (Roland Garros) के नाम से भी जाना जाता है। फ्रेंच एविएटर (विमान चालक) रोलेंड गैरोस के नाम पर वर्ष 1928 से स्टेडियम का नामकरण करने के बाद से इस टूर्नामेंट को रोलेंड गैरोस के नाम से भी जाना जाने लगा। इस प्रतियोगिता के वर्ष 2018 संस्करण का पुरुष एवं महिला एकल खिताब क्रमशः राफेल नडाल (स्पेन) तथा सिमोना हालेप (रोमानिया) ने जीता है।

**8. वर्ष 2013 में विम्बलडन पुरुष एकल प्रतियेगिता किसने जीती थी?**

(a) एंडी मरे (b) नोवाक जोकोविक
(c) जुआन मार्टिन डेल पोट्रो (d) फर्नेन्डो वर्डास्को

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2013 की विम्बलडन पुरुष एकल प्रतियोगिता का खिताब ब्रिटेन के एंडी मरे ने सर्बिया के नोवाक जोकोविक को पराजित कर जीत लिया था। इसी प्रतियोगिता का महिला एकल खिताब मैरिअन बार्तोली (फ्रांस) ने साबिने लिसिस्की (जर्मनी) को पराजित कर जीता। वर्ष 2018 का पुरुष एकल नोवाक जोकोविक (सर्बिया) तथा महिला एकल एंजोलिक कर्बर (जर्मनी) ने जीता।

**9. फ्रेंच ओपन, 2009 पुरुष एकल किसने जीता था?**

(a) रोजर फेडरर (b) राफेल नडाल
(c) बॉब ब्रयान (d) कैटेरीना स्रेबोत्निक

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

फ्रेंच ओपन , 2009 ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने स्वीडन के रॉबिन सोडरलिंग को पराजित कर जीता था। वर्ष 2018 फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप का खिताब राफेल नडाल (स्पेन) ने डोमिनिक थिएम (ऑस्ट्रिया) को हराकर जीता।

**10. फ्रेंच ओपन, 2012 में मिक्स्ड डबल्स का खिताब किसने जीता था?**

(a) महेश भूपति और सानिया मिर्ज़ा
(b) लिएंडर पेस और सानिया मिर्ज़ा
(c) राफेल नडाल और सेरेना विलियम्स
(d) रोजर फ़ेडरर और वीनस विलियम्स

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012***

**उत्तर—(a)**

महेश भूपति और सानिया मिर्ज़ा की भारतीय जोड़ी ने पोलैंड की क्लाउडिया जांस इग्नासिक और मेक्सिको के सैंटियागो गोंजालेज की जोड़ी को पराजित कर फ्रेंच ओपन, 2012 का मिक्स्ड डबल्स (मिश्रित युगल) खिताब जीता था। वर्ष 2018 हेतु फ्रेंच ओपन मिक्स डबल्स का खिताब इवान डोडिग (क्रोएशिया) एवं लतिशा चान (चीनी ताइपे) ने जीता।

**11. टेनिस में ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन हैं?**

(a) लिएंडर पेस (b) महेश भूपति
(c) रमेश कृष्णन (d) आनंद अमृतराज

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति टेनिस में ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। यह ग्रैंड स्लैम उन्होनें वर्ष 1997 के फ्रेंच ओपन में जापान की रीका हकारी के साथ मिश्रित युगल खिताब जीता था।

**12. अगस्त, 2008 में यू.एस. ओपन टेनिस पुरुष एकल किसने जीता था?**

(a) रोजर फेडरर (b) राफेल नडाल
(c) महेश भूपति (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

अगस्त, 2008 में संपन्न यू.एस. ओपन ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने ब्रिटेन के एंडी मरे को पराजित कर जीता था। यू.एस. ओपन, 2018 के विजेता नोवाक जोकोविक (सर्बिया) ने जुआन मार्टिन डेस पोत्रो (अर्जेंटीना) को पराजित किया।

**13. सितंबर, 2007 में यू.एस. ओपन चैंपियनशिप (लॉन टेनिस) किसने जीती थी?**

(a) नोवाक जोकोविक (b) रोजर फेडरर
(c) राफेल नडाल (d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

सितंबर, 2007 में संपन्न इस प्रतियोगिता का खिताब स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने सर्बिया के नोवाक जोकोविक को पराजित कर जीता था।

14. विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन, 2007 जीता था-
(a) स्टीफन एडबर्ग को हराकर
(b) एंडी रॉडिक को हराकर
(c) रोजर फेडरर को हराकर
(d) फ्रेड एलिंग्जेंडर को हराकर

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

स्पेन के राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन, 2007 का खिताब स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर को पराजित कर जीता था।

15. रोजर फेडरर ने सातवां विम्बलडन टाइटिल सन् 2012 में जीता था। उसने छठां विम्बलडन टाइटिल कब जीता था?
(a) 2008 (b) 2009
(c) 2010 (d) 2011

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

रोजर फेडरर ने छठां विम्बलडन टाइटिल वर्ष 2009 में जीता, सातवां विम्बलडन टाइटिल वर्ष 2012 में एवं आठवां खिताब वर्ष 2017 में जीता।

16. 2006 विम्बलडन महिला एकल का खिताब किसने जीता था?
(a) एमेली मोरेस्मो (b) जस्टिन हार्डेन
(c) मारिया शारापोवा (d) किम क्लिसटर्स

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006***

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2006 विम्बलडन महिला एकल खिताब फ्रांस की एमेली मोरेस्मो ने बेल्जियम की जस्टिन हेनिन हार्डेन को पराजित कर जीता था। वर्ष 2018 में यह प्रतियोगिता एंजेलिक कर्बर ने सरेना विलियम्स (अमेरिका) को पराजित करके जीती।

17. विम्बलडन, 2011 महिला एकल खिताब निम्न में से किसने जीता था?
(a) मारिया शारापोवा (b) पेट्रा क्विटोवा
(c) वीनस विलियम्स (d) सेरेना विलियम्स

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

चेक गणराज्य की पेट्रा क्विटोवा ने रूस की मारिया शारापोवा को पराजित कर विम्बलडन, 2011 का महिला एकल खिताब जीता था।

18. निम्नलिखित में से कौन 'विम्बलडन 2011 पुरुष सिंगल्स' खिताब के विजेता थे?
(a) राफेल नडाल (b) नोवाक जोकोविक
(c) राबर्ट लिंडस्टेट (d) रोजर फेडरर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

सर्बिया के नोवाक जोकोविक ने स्पेन के राफेल नडाल को फाइनल में पराजित कर विम्बलडन, 2011 के पुरुष एकल का खिताब जीता था।

19. निम्न में से किस खिलाड़ी को ए.टी.पी. टूर इतिहास में 50 डबल्स टाइटल जीतने की अनन्य विशिष्टता प्राप्त है?
(a) एंडी रोडिक (b) राफेल नडाल
(c) लिएंडर पेस (d) नोवाक जोकोविच

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ए.टी.पी. टूर इतिहास में 50 डबल्स टाइटल जीतने वाले विश्व के 24वें खिलाड़ी हैं।

20. हाल में हॉपमैन कप किस देश ने जीता है?
(a) स्पेन (b) जर्मनी
(c) ग्रेट ब्रिटेन (d) ऑस्ट्रेलिया

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

जनवरी, 2010 में संपन्न हॉपमैन कप, 2010 का खिताब स्पेन ने ब्रिटेन को 2-1 से पराजित कर जीत लिया। वर्ष 2013 में भी स्पेन ने यह खिताब सर्बिया को 2-1 से हराकर जीत लिया। जनवरी, 2014 में संपन्न हॉपमैन कप का खिताब फ्रांस ने पोलैंड को 2-1से पराजित कर पहली बार जीत लिया। उल्लेखनीय है कि हॉपमैन कप प्रतिष्ठित मिश्रित टीम टेनिस स्पर्धा है। वर्ष 2018 का हॉपमैन कप स्विट्जरलैंड ने जर्मनी को फाइनल में 2-1 से पराजित कर जीत लिया।

21. कौन-सा 'ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट' घास के कोर्ट में खेला जाता है?
(a) फ्रेंच ओपन (b) ऑस्ट्रेलियाई ओपन
(c) विम्बलडन (d) यू.एस.ओपन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

विम्बलडन ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट घास (Grass) के मैदान (Court) पर खेला जाता है।

**22. सेरेना विलियम्स शीर्ष स्तर की महिला खिलाड़ी हैं-**

(a) बैडमिंटन में (b) शूटिंग में
(c) टेनिस में (d) शतरंज में

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

सेरेना विलियम्स अमेरिकी महिला टेनिस खिलाड़ी हैं।

## ❑ हॉकी

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ मनप्रीत सिंह किस खेल से जुड़े हैं? **— हॉकी से**
☞ ध्यानचंद किस खेल से जुड़े थे? **— हॉकी से**
☞ कनाडा का शीतकालीन राष्ट्रीय खेल क्या है? **— आइस हॉकी**
☞ सत्य कथन है-
**– ऑस्ट्रेलिया ने 2016-17 मेन्स एफआईएच हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल जीता।**
☞ ''सुल्तान जोहेर कप'' ………… के साथ जुड़ा हुआ है। **— हॉकी**
☞ किस देश ने वर्ष 2016 का सुल्तान अजलान शाह कप जीता? **— ऑस्ट्रेलिया ने**
☞ आगा खां कप किस खेल से संबंधित है? **— हॉकी**
☞ बेटन कप किस खेल से संबद्ध है? **— हॉकी**
☞ 'बुली' शब्द का प्रयोग कौन-से खेल में किया जाता है? **— हॉकी**
☞ 'लेडी रतन टाटा ट्रॉफी' किस खेल से संबंधित है? **— हॉकी**
☞ 'रोल-इन' शब्द किसमें प्रयुक्त होता है? **— हॉकी**
☞ वर्ष 2016 की पुरुष हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी किस देश ने जीती? **— ऑस्ट्रेलिया**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. 'हिम गोल्ड कप' किस खेल से संबंधित है?**

(a) क्रिकेट (b) मुक्केबाजी
(c) हॉकी (d) वॉलीबॉल

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

'हिम गोल्ड कप' का संबंध राष्ट्रीय स्तर की महिला हॉकी प्रतियोगिता से है। इसका आयोजन हॉकी के तहत हॉकी हिमाचल (हॉकी हिम) द्वारा किया जाता है।

**2. जिस भारतीय हॉकी टीम ने वर्ष 1928 में एम्सटर्डम में प्रथम ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता उस टीम का कप्तान कौन था?**

(a) ध्यानचंद (b) जयपाल सिंह
(c) लैबोखान (d) किशन लाल

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

वर्ष 1928 में एम्सटर्डम में प्रथम ओलंपिक स्वर्ण पदक भारत ने जीता था, इस टीम के कप्तान जयपाल सिंह थे। तब से लेकर भारतीय टीम लगातार 6 बार (वर्ष 1928, 1932, 1936, 1948, 1952 तथा वर्ष 1956) स्वर्ण पदक जीत चुकी। वर्ष 1964 एवं वर्ष 1980 के ओलंपिक खेलों में भी भारत ने हॉकी का स्वर्ण पदक जीता था।

**3. ओलंपिक खेलों में हॉकी में भारत ने पहला स्वर्ण पदक किस वर्ष जीता था?**

(a) 1924 में (b) 1928 में
(c) 1932 में (d) 1936 में

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

भारत ने अपना अंतिम हॉकी ओलंपिक, स्वर्ण पदक वर्ष 1980 के मॉस्को ओलंपिक में जीता था। मॉस्को ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान वासुदेवन भास्करन थे। उल्लेखनीय है कि भारत ने सर्वाधिक 8 बार ओलंपिक हॉकी का स्वर्ण पदक जीता है जिसमें सबसे पहला स्वर्ण पदक उसने वर्ष 1928 में नीदरलैंड्स को पराजित कर एम्सटर्डम ओलंपिक में जीता था।

**4. 2018 के हॉकी विश्व कप (पुरुष) की मेजबानी कौन-सा देश करेगा?**

(a) पाकिस्तान (b) मलेशिया
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) भारत

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 22 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

पुरुषों के हॉकी विश्व कप, 2018 का आयोजन 28 नवंबर से 16 दिसंबर, 2018 के मध्य कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर (भारत) में किया गया। पुरुष फाइनल में बेल्जियम ने नीदरलैंड्स को 0-0 पर बराबरी पर रहने के बाद पेनॅल्टी शूट आउट में 3-2 से पराजित

कर जीत लिया। महिला हॉकी विश्व कप, 2018 का आयोजन 21 जुलाई से 5 अगस्त, 2018 के मध्य लंदन, इंग्लैंड में किया गया। फाइनल मैच में नीदरलैंड्स ने आयरलैंड को 6-0 से पराजित कर रिकॉर्ड 8वीं बार विश्व कप का खिताब जीत लिया।

**5. सुल्तान अजलान शाह हॉकी टूर्नामेंट, 2009 का फाइनल खेला गया था-**

(a) भारत और मलेशिया के बीच

(b) भारत और पाकिस्तान के बीच

(c) पाकिस्तान और मलेशिया के बीच

(d) मलेशिया और जापान के बीच

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

सुल्तान अजलान शाह हॉकी टूर्नामेंट, 2009 का फाइनल भारत और मलेशिया के मध्य खेला गया था। जिसमें भारत ने मलेशिया को 3-1 से पराजित किया था। सुल्तान अजलान शाह कप का 21वां आयोजन 24 मई, 2012 से 3 जून, 2012 के मध्य मलेशिया में हुआ जिसमें सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट, 2012 का स्वर्ण पदक न्यूजीलैंड ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर जीता। न्यूजीलैंड ने पहली बार यह खिताब जीता है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता की पांच बार की विजेता रही भारतीय हॉकी टीम को इस बार कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने 3-1 से ग्रेट ब्रिटेन को हराकर कांस्य पदक जीता। वर्ष 2018 का यह टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 2-1 हराकर जीता। ऑस्ट्रेलिया ने सर्वाधिक, दसवीं बार यह खिताब जीता है।

**6. 2012 में सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक किस देश ने जीता था?**

(a) न्यूजीलैंड (b) दक्षिण कोरिया

(c) अर्जेंटीना (d) भारत

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. कौन-से भारतीय हॉकी खिलाड़ी के नाम पर जर्मनी में एक सड़क का नाम रखा गया है?**

(a) रूप सिंह (b) धनराज पिल्लै

(c) ध्यानचंद (d) जफ़र इकबाल

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 1936 के ओलंपिक खेलों में खेले गए हॉकी फाइनल मैच में रूप सिंह के शानदार प्रदर्शन से जर्मन इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने एक सड़क (Street) का नाम इनके नाम पर रख दिया।

**8. आगा खां कप निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है?**

(a) टेबल टेनिस (b) हॉकी

(c) क्रिकेट (d) फुटबॉल

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

'आगा खां कप' भारत की राष्ट्रीय हॉकी की एक प्रतियोगिता है। नेहरू ट्रॉफी, रंगास्वामी कप, बेटन कप, अजलान शाह कप, ओबेदुल्ला कप, लेडी-रतन टाटा ट्रॉफी, ध्यानचंद ट्रॉफी, कप्पूस्वामी ट्रॉफी आदि हॉकी की अन्य महत्वपूर्ण ट्रॉफियां हैं।

## ❑ शतरंज

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ शब्द 'गैम्बिट' किस खेल से संबंधित है? **— शतरंज**

☞ सत्य कथन है-

**— ज्हंसाया अब्दुमलिक ने शतरंज, 2017 वूमेंस वर्ल्ड जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती।**

☞ भारत की पहली महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर ………. हैं। **— एस. विजयलक्ष्मी**

☞ प्राचीन भारत में कौन-सा खेल बहुत लोकप्रिय था? **— शतरंज**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. 'विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप, 2012' किसने जीती?**

(a) एन. प्रियंका (b) किमी रायक्कोनन

(c) स्कॉट फ्लेमिंग (d) एम. महालक्ष्मी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(*)**

विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप (World Youth Chess Championship) का आयोजन 8, 10, 12, 14, 16 एवं 18 आयु वर्ग श्रेणियों में प्रतिवर्ष किया जाता है। वर्ष 2012 की चैंपियनशिप में भारत की एम.महालक्ष्मी ने 14 वर्ष आयु वर्ग में जबकि एन. प्रियंका ने 10 वर्ष आयु वर्ग में खिताब जीता है। अतः विकल्प (a) और (d) दोनों सही हैं। वर्ष 2017 की चैंपियनशिप में भारत की दिव्या देशमुख ने 12 वर्ष आयु वर्ग में तथा जिशिया धनुमुरी ने 14 वर्ष आयु वर्ग से खिताब जीता है। वर्ष 2018 की चैंपियनशिप में भारत की संस्कृति गोयल 16 वर्ष आयु वर्ग में तीसरा स्थान (कांस्य) तथा दिव्या देशमुख ने 14 वर्ष आयु वर्ग में तीसरा स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया।

**2. शतरंज (चेस) का खेल शुरू हुआ था-**

(a) भारत में (b) पर्शिया में
(c) अरब में (d) यूरोप में

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

संभवतः भारत में गुप्तकाल के दौरान 'शतरंज खेल' का विकास हुआ। भारत से ही इस खेल का विस्तार फारस में हुआ। अरब जगत में लोकप्रिय होने के बाद इसका विस्तार दक्षिणी यूरोप तक हो गया।

**3. शतरंज की कौन-सी भारतीय महिला खिलाड़ी ऐसी है, जो 'सुपर ग्रैंड मास्टर' स्तर तक पहुंचकर विश्व की दूसरी श्रेणी महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं?**

(a) तानिया सचदेव (b) एस. सुब्बालक्ष्मी
(c) कोनेरू हंपी (d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 2007 में भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हंपी ने FIDE विश्व रैंकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।

**4. तानिया सचदेव निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित हैं?**

(a) गोल्फ (b) स्नूकर
(c) शतरंज (d) बॉक्सिंग

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

तानिया सचदेव भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं।

## ❑ वृहद खेल आयोजन

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ ओलंपिक्स में किसने सबसे अधिक स्वर्ण पदक जीते हैं? **— माइकल फ़ेल्प्स ने**

☞ रियो ओलंपिक, 2016 में भारत ने किस खेल में कांस्य पदक जीता? **— कुश्ती में**

☞ किस वर्ष भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी? **— वर्ष 2010 में**

☞ कौन-सा शहर 2020 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा? **— जापान**

☞ ओलंपिक प्रतीक/चिह्न में कितनी अंगूठियां या वृत्त होते हैं? **— 5**

☞ पहली एशियाई खेल किस शहर में हुई थी?**— नई दिल्ली**

☞ कौन-से खेलों को एशियाड भी कहा जाता है? **— एशियाई खेलों को**

☞ किस अंतरराष्ट्रीय खेल का आदर्श-वाक्य 'सीटिएस, अल्टियस, फोर्टियस' है? **— ओलंपिक का**

☞ ओलंपिक पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन हैं? **— कर्णम मल्लेश्वरी**

☞ पहले राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन कब हुआ था? **— वर्ष 1930 में**

☞ किस देश के 7 तैराकों को रियो ओलंपिक में प्रतिबंधित कर दिया गया था? **— रूस के**

☞ गोल्फ, ट्रायथलॉन, पोल वॉल्ट तथा एबी में से किस एक खेल की ओलंपिक में 112 वर्षों के बाद वापसी हुई है? **— गोल्फ की**

☞ वर्ष 2018 का एशियाई खेल किस देश में आयोजित किया जाएगा? **— इंडोनेशिया में**

☞ रियो ओलंपिक्स, 2016 पदक सूची में भारत की रैंकिंग क्या थी? **— 67**

☞ वर्ष 2016 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में 400 मीटर स्प्रिंट में गोल्ड मेडल किसने जीता? **— वेड वान नायकर्क ने**

☞ ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करने वाला पहला एशियाई शहर ............ था। **— टोक्यो**

☞ 2020 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन स्थल क्या है? **— टोक्यो**

☞ एक व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय का नाम क्या है? **— के.डी. जाधव**

☞ उस प्रथम भारतीय खिलाड़ी का नाम बताइए, जिसने ओलंपिक में व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। **— राज्यवर्धन सिंह**

☞ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन हैं? **— कर्णम मल्लेश्वरी**

☞ अभिनव बिंद्रा ने ओलंपिक्स में किस खेल में स्वर्ण पदक जीता था? **— निशानेबाजी में**

☞ 13वें दक्षिण एशियाई खेलों का आयोजन किस देश में किया जाएगा? **नेपाल में**

☞ एशियाई खेलों में किस खेल में भारत ने अधिकतम स्वर्ण पदक जीते हैं? **— एथलेटिक्स में**

☞ ओलंपिक्स झंडे में कितनी रिंग्स हैं? **— 5**

☞ डाईविंग, ताइक्वांडो, बीच-वॉलीबॉल एवं गोल्फ में से किस खेल को रियो ओलंपिक में 100 साल से ज्यादा समय के बाद शामिल किया गया? **— गोल्फ**

☞ रियो ओलंपिक्स में भारतीय दल के ध्वजवाहक कौन थे?
— **अभिनव बिंद्रा**

☞ शिव थापा, मनोज कुमार, विकास कृष्ण तथा अवतार सिंह में से कौन रियो ओलंपिक्स में भारतीय बॉक्सिंग टीम का सदस्य नहीं था? — **अवतार सिंह**

☞ रियो ओलंपिक्स में दीपा कर्माकर ने भारत की ओर से किस खेल में पहली बार भाग लिया? — **जिमनास्टिक्स**

☞ दीपा कर्माकर का रियो ओलंपिक खेलों में अपने वर्ग में कौन-सा स्थान था? — **चौथा**

☞ 2016 के रियो ओलंपिक में बबिता कुमारी भारत का प्रतिनिधित्व किस खेल में कर रही हैं? — **कुश्ती**

☞ रियो ओलंपिक्स में भारत के लिए पहला पदक किसने जीता? — **साक्षी मलिक**

☞ रियो ओलंपिक्स में भाग लेने वाले वह कौन-से टेनिस खिलाड़ी हैं जो सात बार ओलंपिक्स में भाग ले चुके हैं?
— **लिएंडर पेस**

☞ कौन-सा अधिकारिक नारा वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक तथा पैरा ओलंपिक खेलों के लिए रखा गया है? — **ए न्यू वर्ल्ड**

☞ ओलंपिक खेलों में एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय कौन हैं? — **अभिनव बिंद्रा**

☞ 'एशियाड' के नाम से विख्यात 18वें एशियाई खेलों का आयोजन 2018 में कहां किया जाएगा? — **जकार्ता**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. ओलंपिक खेलों में प्रथम भारतीय महिला पदक विजेता का नाम बताइए।**

(a) कुंजा रानी (b) अपर्णा
(c) कर्णम मल्लेश्वरी (d) सानिया मिर्जा

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

सिडनी ओलंपिक, 2000 में कर्णम मल्लेश्वरी ने वेटलिफ्टिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। ऐसा कारनामा करने वाली ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त करने वाली वे प्रथम भारतीय महिला हैं।

**2. रियो ओलंपिक, 2016 में भारत ने किस खेल में रजत पदक जीता?**

(a) बैडमिंटन (b) मुक्केबाजी
(c) हॉकी (d) कुश्ती

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर—(a)**

रियो ओलंपिक, 2016 में भारत ने कुल 2 पदक प्राप्त किए थे। भारत की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने रजत पदक जीता तथा भारतीय महिला खिलाड़ी साक्षी मलिक ने कुश्ती में कांस्य पदक प्राप्त किया था।

**3. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2014 और 2016 ओलंपिक खेलों के लिए किस चैनल को प्रसारण अधिकार बेचे?**

(a) जी स्पोर्ट्स (b) स्टार इंडिया
(c) दूरदर्शन (d) सैट मैक्स

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

1 अगस्त, 2013 को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने वर्ष 2014 और 2016 ओलंपिक खेलों के लिए स्टार इंडिया को प्रसारण अधिकार बेचे। स्टार इंडिया को भारत सहित बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका में ओलंपिक खेलों (यूथ ओलंपिक 2014, सोची शीतकालीन ओलंपिक और 2016 रियो डि जेनेरियो गेम्स आदि) के प्रसारण अधिकार प्राप्त हुए। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने डीएस टी.वी सुपर स्पोर्ट, इकोनेट मीडिया तथा साउथ अफ्रीकन ब्रॉडकास्टिन कॉर्पोरेशन को व्योंगचांग में होन वाले शीतकालीन ओलंपिक, 2018; टोक्यो में प्रस्तावित ओलंपिक, 2020; शीतकालीन ओलंपिक (बीजिंग), 2022 तथा ओलंपिक, 2024 के प्रसारण अधिकार दिए हैं।

**4. 2016 के ओलंपिक खेल निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किए जाएंगे?**

(a) स्पेन में मेड्रिड
(b) ब्राजील में रियो डि जेनेरियो
(c) यू.एस.ए. में लॉस एंजिल्स
(d) कनाडा में टोरंटो

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

वर्ष 2016 में ओलंपिक खेलों के 31वें संस्करण का आयोजन 5 से 21 अगस्त, 2016 के मध्य ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में किया गया। 31वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अमेरिका ने सर्वाधिक 46 स्वर्ण, 37 रजत, 38 कांस्य पदक सहित कुल 121 पदक प्राप्त किए। इसके बाद क्रमशः ग्रेट ब्रिटेन (27 स्वर्ण, 23 रजत, 17 कांस्य), चीन (26 स्वर्ण, 18 रजत, 26 कांस्य) एवं रूस (19 स्वर्ण, 18 रजत, 19 कांस्य) का स्थान है।

5. **लंदन ओलंपिक, 2012 में किस देश ने सबसे ज्यादा पदक जीते?**

(a) अमेरिका (b) फ्रांस
(c) भारत (d) जापान

**S.S.C.मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

जुलाई-अगस्त, 2012 में संपन्न लंदन ओलंपिक में सर्वाधिक पदक अमेरिका (46 स्वर्ण, 29 रजत एवं 29 कांस्य-कुल 104) ने जीते। इसके बाद चीन कुल 88 पदकों (38 स्वर्ण, 28 रजत एवं 22 कांस्य) सहित द्वितीय स्थान पर रहा।

6. **हाल ही में पुणे में आयोजित एशियाई खेलकूद प्रतियोगिताओं में किस देश ने सर्वाधिक पदक जीते थे?**

(a) चीन (b) जापान
(c) सऊदी अरब (d) बहरीन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

3-7 जुलाई, 2013 के मध्य पुणे में आयोजित 20वीं एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चीन ने सर्वाधिक 16 स्वर्ण, 6 रजत एवं 5 कांस्य पदक सहित कुल 27 पदक प्राप्त किए। मेजबान भारत ने चैंपियनशिप में 2 स्वर्ण, 6 रजत एवं 9 कांस्य पदक सहित कुल 17 पदक प्राप्त कर छठां स्थान प्राप्त किया। 6-9 जुलाई, 2017 के मध्य भारत में आयोजित 22वीं एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सर्वाधिक पदक भारत (29 पदक) ने जीते जिसमें 12 स्वर्ण, 5 रजत एवं 12 कांस्य पदक शामिल हैं। 2019 में 23वीं एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप दोहा, कतर में आयोजित की जाएगी।

7. **एशियाई खेलकूद चैंपियनशिप, 2013 में विकास गौड़ा ने स्वर्ण पदक किस खेल में जीता था?**

(a) लंबी छलांग (b) 400 मीटर दौड़
(c) शॉट पुट (d) डिस्कस थ्रो

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

जुलाई, 2013 में पुणे में संपन्न एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में विकास गौड़ा ने डिस्कस थ्रो (64.90) में स्वर्ण पदक जीता था।

8. **वर्ष 2013 की एशियन खेलकूद प्रतियोगिता में 400 मीटर की महिला दौड़ में किसने रजत पदक जीता था?**

(a) जहाओ यानमीन (b) एम.आर.पूवम्मा
(c) टिंटू लुका (d) मायूखा जोहनी

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

जुलाई, 2013 में पुणे में संपन्न 400 मीटर की महिला दौड़ में भारतीय धाविका मैचित्रा राजू पूवम्मा ने रजत पदक जीता था। स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन की यानमिन झाओ ने जीता था।

9. **उस प्रथम भारतीय का नाम बताइए जिसे ओलंपिक खेलों में एनाबॉलिक स्टेरॉयड का प्रयोग करने के कारण प्रतिबंधित किया गया?**

(a) सुमिता लाहा (b) अश्विनी अकुंजी
(c) टी. सनामाचा चानू (d) प्रतिमा कुमारी

**S.S.C.कांस्टेबल (G.D.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(*)**

वर्ष 2004 के एथेंस ओलंपिक खेलों में टी. सनामाचा चानू तथा प्रतिमा कुमारी ने भारतीय महिला भारोत्तोलकों के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। प्रतिमा कुमारी को उनके स्पर्धा से पूर्व हुए डोपिंग जांच में दोषी पाया गया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित कर दिया गया। भारोत्तोलक स्पर्धा के 53 किग्रा. वर्ग में सनामाचा चानू ने भाग लिया तथा स्पर्धा के बाद हुए डोपिंग जांच में इन्हें भी दोषी पाया गया था। अतः उक्त दोनों भारतीय भारोत्तोलकों को ओलंपिक खेलों में एनाबॉलिक स्टेरॉयड का प्रयोग करने के कारण प्रतिबंधित किया गया था।

10. **निम्नलिखित में से किस स्थान पर पिछले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया?**

(a) साल्ट लेक - सिटी (अमेरिका) (b) अल्बर्टविले
(c) लिलेहैमर (d) कैलगरी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

विकल्प में दिए गए स्थानों पर निम्नानुसार शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा चुका है-

| खेल | स्थल | वर्ष |
|---|---|---|
| XV | कैलगरी, कनाडा | 1988 |
| XVI | अल्बर्टविले, फ्रांस | 1992 |
| XVII | लिलेहैमर, नॉर्वे | 1994 |
| XIX | साल्ट लेक सिटी, अमेरिका | 2002 |

इसके अतिरिक्त वर्ष 2010 में XXIवें ओलंपिक बैंकुवर (कनाडा), वर्ष 2014 में सोची (रूस) तथा वर्ष 2018 में इन खेलों का आयोजन प्योंगचांग, द. कोरिया में किया जा चुका है। आगामी आयोजन स्थल इस प्रकार है–

| खेल | स्थल | वर्ष |
|---|---|---|
| XXIV | बीजिंग, चीन | 2022 |

**11. व्यक्तिगत ट्रैक मुकाबले में ओलंपिक फाइनल तक पहुंचने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी?**

(a) पी.टी. ऊषा (b) एम.डी. वलसम्मा

(c) शाइनी अब्राहम (d) आरती साहा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

व्यक्तिगत ट्रैक मुकाबले में ओलंपिक फाइनल तक पहुंचने वाली प्रथम भारतीय पी.टी. ऊषा थीं। उन्होंने वर्ष 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में 400 मीटर की स्पर्धा में हिस्सा लिया था किंतु पदक जीत न सकीं।

**12. कौन-सा देश वर्ष 2012 के ओलंपिक खेलों का आयोजन कर रहा है?**

(a) यू.के. (b) जर्मनी

(c) यू.एस.ए. (d) दक्षिण कोरिया

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2012 का आयोजन लंदन, यू.के. में हुआ जिसमें 204 देशों के 10,820 खिलाड़ियों ने 26 खेलों की 302 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि ओलंपिक, 2012 का उद्घाटन समारोह 27 जुलाई, 2012 को तथा समापन समारोह 12 अगस्त, 2012 को हुआ। आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन वर्ष 2020 में टोक्यो (जापान) में होगा।

**13. 2012 के लंदन ओलंपिक्स में 400 मीटर की दौड़ के एक स्वस्थ व्यक्ति के खेल के लिए योग्यता प्राप्त करने वाला पहला 'अक्षम एथलीट' है-**

(a) ऑस्कर पिस्टोरियस (b) वाल्टर रैलिस

(c) रेमंड इरेचोविच (d) जेराल्ड हैंगोविन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2012 के लंदन ओलंपिक्स में 400 मीटर की दौड़ के एक स्वस्थ व्यक्ति के खेल के लिए योग्यता प्राप्त करने वाला पहला 'अक्षम एथलीट' ऑस्कर पिस्टोरियस है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण अफ्रीका के पिस्टोरियस पैर की हड्डी में खराबी की एक जन्मजात बीमारी के शिकार हैं जिसके कारण मात्र 11 माह की उम्र में उनके दोनों पैर घुटने के नीचे से काट दिए गए थे। वे घुटनों से जुड़ी स्टील की छड़ों के साथ दौड़ते हैं। इसी कारण वे 'ब्लेड रनर' के नाम से मशहूर हैं।

**14. XXX ओलंपिक खेलों के लिए स्थान निम्न में से कौन-सा नगर है?**

(a) लिवरपूल (b) लंकाशायर

(c) लास वेगास (d) लंदन

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

30वें ओलंपिक खेलों का आयोजन (2012) लंदन, ब्रिटेन में हुआ था।

**15. चीन ने आतिथ्य किया है-**

(a) XXIX ओलंपिक खेलों का

(b) XXVIII ओलंपिक खेलों का

(c) XXVII ओलंपिक खेलों का

(d) XXX ओलंपिक खेलों का

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

29वें ओलंपिक खेलों का आयोजन (2008) बीजिंग (चीन) में हुआ था।

**16. 2008 के ओलंपिक खेल कहां होंगे?**

(a) बीजिंग (b) मॉन्ट्रियाल

(c) अटलांटा (d) लंदन

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**17. बीजिंग ओलंपिक में सबसे अधिक पदक जीता था-**

(a) चीन ने (b) यू.एस.ए. ने

(c) जर्मनी ने (d) ब्रिटेन ने

**S.S.C. Tax Asst.परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

29वें ओलंपिक खेलों का आयोजन वर्ष 2008 में बीजिंग (चीन) में संपन्न हुआ। मेजबान देश चीन द्वारा जीते गए स्वर्ण पदकों की संख्या सर्वाधिक 51 थी परंतु उसने कुल 100 पदक (51 स्वर्ण, 21 रजत एवं 28 कांस्य) ही प्राप्त किए जो अमेरिका (USA) से 10 कम थे। अमेरिका द्वारा जीते गए कुल पदकों की संख्या 110 (36 स्वर्ण, 38 रजत एवं 36 कांस्य) थी। इस प्रकार अभीष्ट उत्तर विकल्प (b) होगा।

**18. भारत ने बीजिंग ओलंपिक में तीन पदक जीते थे -**

(a) निशानेबाजी, मुक्केबाजी और कुश्ती में

(b) बैडमिंटन, शतरंज और निशानेबाजी में

(c) बैडमिंटन, निशानेबाजी और मुक्केबाजी में

(d) निशानेबाजी, तीरंदाजी और कुश्ती में

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

बीजिंग ओलंपिक, 2008 में भारत ने एक स्वर्ण तथा दो कांस्य पदक जीते थे, जो इस प्रकार हैं- निशानेबाजी-अभिनव बिंद्रा (स्वर्ण); मुक्केबाजी-विजेंदर कुमार (कांस्य); कुश्ती-सुशील कुमार (कांस्य)।

**19. भारत द्वारा बीजिंग ओलंपिक्स में जीते गए तीन पदक थे -**

(a) शूटिंग, मुक्केबाजी और कुश्ती में

(b) शूटिंग, मुक्केबाजी और तीरंदाजी में

(c) शूटिंग, कुश्ती और टेनिस में

(d) शूटिंग, मुक्केबाजी और हॉकी में

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. माइकल फेल्प्स ने बीजिंग ओलंपिक में तैराकी प्रतियोगिता में कितने स्वर्ण पदक जीते थे?**

(a) 6 (b) 7

(c) 8 (d) 9

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

माइकल फेलप्स अमेरिकी तैराक हैं। वर्ष 2008 में बीजिंग ओलंपिक में इन्होंने 8 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। फेलप्स ने अपने ओलंपिक कॅरियर में सर्वाधिक 23 स्वर्ण पदक, 3 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 28 पदक जीते हैं।

**21. मार्च, 2006 में आयोजित मेलबर्न राष्ट्रमंडल खेलों का अधिकारिक शुभंकर था-**

(a) कंगारू

(b) शुतुरमुर्ग

(c) दक्षिण-पूर्वी लाल पूंछ वाला काला कोकेटू जिसे 'कारक' कहते हैं

(d) मोर

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों का अधिकारिक शुभंकर 'कारक' (Karak) था। 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों का अधिकारिक शुभंकर बोरोबी (Borobi) नामक एक नीले रंग का नर कोआला (Koala) था।

**22. उन भारतीय एथलीटों/खिलाड़ियों के नाम और उनकी क्रीड़ाओं/खेलों के क्षेत्र नीचे दिए गए हैं जिन्होंने अक्टूबर, 2010 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीते थे। निम्न में से किसका मिलान सही नहीं हुआ है?**

(a) गीता देवी - कुश्ती

(b) कृष्णा पूनिया - महिला डिस्कस थ्रो

(c) योगेश्वर दत्त - मुक्केबाजी

(d) अनीसा सैयद - महिला 25 मी. पिस्तौल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा 2010**

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

राष्ट्रमंडल खेल, 2010 में योगेश्वर दत्त ने 60 किग्रा. भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था।

**23. दिल्ली में XIX वें राष्ट्रमंडल खेल कब होंगे?**

(a) दिसंबर, 2008 (b) नवंबर, 2009

(c) अक्टूबर, 2010 (d) फरवरी, 2011

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

19 वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 3-14 अक्टूबर, 2010 के मध्य नई दिल्ली (भारत में पहली बार) में किया गया था। वर्ष 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया) द्वारा की गई। 22वें राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी बर्मिंघम द्वारा वर्ष 2022 में की जाएगी।

**24. 2010 के राष्ट्रमंडल खेल कहां आयोजित किए जाएंगे?**

(a) बंगलुरू (b) दिल्ली

(c) सिडनी (d) जमैका

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**25. पहले राष्ट्रमंडल खेल वर्ष 1930 में कहां आयोजित किए गए थे?**

(a) लंदन (यू.के.) (b) सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)

(c) हैमिल्टन (कनाडा) (d) ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2007**

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

प्रथम राष्ट्रमंडल खेल जिन्हें 'ब्रिटिश एम्पायर गेम्स' के नाम से जाना जाता है, का आयोजन 16 से 23 अगस्त, 1930 के मध्य हैमिल्टन (कनाडा) में किया गया था।

**26. तीसरे राष्ट्रमंडल युवा खेल हुए थे-**

(a) पुणे में (b) कराची में

(c) ढाका में (d) लंदन में

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2008 में संपन्न तीसरे राष्ट्रमंडल युवा खेलों का आयोजन 12 से 18 अक्टूबर, 2008 के मध्य पुणे (Pune) में किया गया था। पिछले राष्ट्रमंडल युवा खेलों का आयोजन ब्रिटेन के द्वीप 'इस्ले-ऑफ मैन' (Isle of Man) में वर्ष 2011 में किया गया था। वर्ष 2017 में इन खेलों का आयोजन नसाउ, बहामास में किया गया तथा अगला आयोजन वर्ष 2021 में उत्तरी आयरलैंड में प्रस्तावित है।

**27. कुछ समय पूर्व मकाऊ में आयोजित दूसरे एशियाई इंडोर खेलों का शुभंकर क्या था?**

(a) मिटिकी (b) मेई-मेई

(c) चेइ-चेइ (d) चेइ-मेई

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

वर्ष 2007 में दूसरे एशियाई इंडोर खेलों का आयोजन हांगकांग के मकाऊ शहर में संपन्न हुआ था, इन खेलों का आधिकारिक शुभंकर चिड़ियों की एक प्रजाति मेई-मेई (Mei Mei) थी। प्रत्येक दो वर्षों के अंतराल पर होने वाले इन खेलों का पिछला संस्करण सितंबर, 2017 में अशगाबात, तुर्कमेनिस्तान में आयोजित किया गया था। इन खेलों का शुभंकर तुर्कमेनिस्तान का शुभंकर पारंपरिक कुत्ता अल्बाई (Alabai) था। वर्ष 2013 से इन खेलों में एशियन मार्शल आर्ट गेम्स के विलय के बाद इन खेलों को एशियन इंडोर और मार्शल आर्ट गेम्स (AIMG) के नाम से भी जाना जाता हैं इसका अगला आयोजन वर्ष 2021 में होगा।

## ❑ विविध

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ जल चौगन (पोलो) की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं? **— 7**

☞ 'क्वीन्सबरी नियम' एक नियम संग्रह है, जो किस खेल पर सीधा प्रभाव डालता है? **— मुक्केबाजी**

☞ सही सुमेलित है-

| **एफ1 रेस** | **विजेता** |
|---|---|
| एफ1 ऑस्ट्रेलियाई ग्रैंड प्रिक्स, 2017 | सेबेस्टियन वेट्टल |
| एफ1 रशियन ग्रैंड प्रिक्स, 2017 | वाल्टेरी बोतास |
| एफ1 चीनी ग्रैंड प्रिक्स, 2017 | लुईस हैमिल्टन |

☞ 2017 फॉर्मूला वन चाइनीज ग्रां प्री का विजेता कौन है? **— लुईस हैमिल्टन**

☞ किस खेल में खिलाड़ियों के पास पास्कल के नियम का ज्ञान होना आवश्यक है? **— स्कूबा डाइविंग में**

☞ सही सुमेलित है-

| **ट्रॉफी / कप** | **खेल** |
|---|---|
| ईरानी ट्रॉफी | क्रिकेट |
| संतोष ट्रॉफी | फुटबॉल |
| अज़लान शाह कप | हॉकी |

☞ सही सुमेलित है (अर्जुन पुरस्कार, 2016) -

| **खेल** | **खिलाड़ी** |
|---|---|
| शूटिंग | अपूर्वी चंदेला |
| हॉकी | रितु रानी |
| क्रिकेट | अजिंक्य रहाणे |

☞ 2017 फॉर्मूला वन बहरीन ग्रांड प्रिक्स का विजेता कौन है? **— सेबेस्टियन वेट्टल**

☞ 'बी.साई प्रणीथ' किस खेल से संबंधित है? **— बैडमिंटन से**

☞ अपूर्वी सिंह चंदेला किस खेल से जुड़ी हुई हैं?**— शूटिंग से**

☞ 'रेडर' किस खेल से जुड़ा है? **— कबड्डी से**

☞ कौन-सा खेल में रैकेट्स का इस्तेमाल होता है? **— स्क्वैश, लॉन टेनिस, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस**

☞ 'डिस्कस' किस खेल से जुड़ा हुआ है? **— एथलेटिक्स से**

☞ 'रिंग' वह जगह है, जहां ________ खेला जाता है। **— मुक्केबाजी**

☞ तैराकी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स तथा कबड्डी में से कौन ओलंपिक खेलों में शामिल नहीं है? **— कबड्डी**

☞ कौन-सा खेल टूर डी फ्रांस से जुड़ा है?**— साइकिल दौड़**

☞ भारत में आयोजित सर्वप्रथम फॉर्मूला 1 ग्रांड प्रिक्स के विजेता कौन थे? **— सेबेस्टियन वेट्टल**

☞ 'नितिन तोमर' किस खेल से जुड़े हैं? **— कबड्डी से**

☞ कबड्डी की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं? **— 7**

☞ बुल्स आई किस खेल से संबंधित है? **— शूटिंग से**

☞ विजेंदर सिंह किस खेल से संबंधित हैं? **— मुक्केबाजी**

☞ 'हिटींग बिलो द बेल्ट' किस खेल से संबंधित एक वाक्यांश है? **— मुक्केबाजी से**

☞ महान मिल्खा सिंह किस नाम से भी जाने जाते हैं? **— फ्लाइंग सिख**

☞ किस भारतीय खिलाड़ी ने 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर बैडमिंटन खिताब जीता? **— श्रीकांत किदांबी ने**

☞ हिना सिद्धू किस खेल से जुड़ी हुई हैं? **— शूटिंग से**

☞ सत्य कथन हैं-

**— वर्ष 2018 की आईपीएल नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने डेविड वॉर्नर को रिटेन किया है; वर्ष 2017 की प्रो कबड्डी लीग में रोहित कुमार बंगलुरू बुल्स के लिए खेले।**

☞ सत्य कथन हैं-

**— वर्ष 2017 में लुईस हैमिल्टन ने मर्सिडीज के लिए फॉर्मूला वन में हिस्सा लिया; 2018 की आईपीएल नीलामी में मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पाण्ड्या को रिटेन किया है; चेन मेंग ने टेबल टेनिस 2017 आईटीटीएफ वर्ल्ड टूर ग्रैंड फाइनल्स वूमेंस सिंगल्स जीता।**

☞ सत्य कथन हैं–

**— लुईस हैमिल्टन ने फॉर्मूला वन, 2017 चाइनीज ग्रैंड प्रिक्स जीती; सेबस्टियन वेट्टल ने फॉर्मूला वन, 2017 ब्राजीलियन ग्रैंड प्रिक्स जीती।**

☞ कथन सत्य है-

**— वैलेंटिनो रॉसी ने मोटरसाइकिल रेस 2017 डच टीटी मोटोजीपी जीती; जर्मनी ने वर्ष 2017 एआईबीए वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की मेजबानी की; वर्ष 2017 में प्रो कबड्डी लीग में सुरजीत सिंह बंगाल वॉरियर्स के लिए खेले।**

☞ सत्य कथन है

**—अलेक्जेंडर नोरे ने गोल्फ 2017 बीएमडब्ल्यू पीजीए चैंपियनशिप जीती।**

☞ सत्य कथन हैं–

**—वर्ष 2017 में सेबस्टियन वेट्टल ने फेरारी के लिए फॉर्मूला वन में हिस्सा लिया। ग्रिगोर दिमित्रोव ने टेनिस 2017 सिनसिनाटी मास्टर्स मेंस सिंगल्स जीता।**

☞ सही कथन हैं-

**— वर्ष 2018 की आईपीएल नीलामी में दिल्ली डेयरडेविल्स ने ऋषभ पंत को रिटेन किया; वर्ष 2017 में डेनियल रिकार्डो ने फॉर्मूला वन में रेड बुल रेसिंग के लिए दौड़ लगाई।**

☞ कथन सत्य हैं-

**— मावेरिक विनालेस ने 2017 का कतर मोटरसाइकिल ग्रैंड प्रिक्स मोटोजीपी खिताब जीता; वर्ष 2017 में गौतम गंभीर ने आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की थी।**

☞ कथन सत्य हैं-

**— वर्ष 2018 की आईपीएल नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सुनील नारायण को रिटेन किया; रोजर फेडरर ने टेनिस 2017 का विम्बलडन चैंपियनशिप मेंस सिंगल्स जीता।**

☞ सत्य कथन हैं-

**वर्ष 2017 में वेस मॉर्गन ने प्रीमियर लीग टीम लीस्टर सिटी में कप्तानी की; वर्ष 2017 में रोमेलु लुकाकू प्रीमियर लीग टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए खेले एवं फ्रांस ने टेनिस 2017 के डेविस कप फाइनल की मेजबानी की।**

☞ 'स्कीट' किस खेल से संबंधित है? **— शूटिंग से**

☞ बॉम्बायला देवी किस खेल से जुड़ी हैं? **— तीरंदाजी से**

☞ किस देश ने 2016 कबड्डी विश्व कप जीता? **— भारत ने**

☞ टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिंटन तथा गोल्फ में से किस खेल में नेट का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है? **— गोल्फ**

☞ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट कौन हैं? **— दीपा कर्माकर**

☞ मैराथन दौड़ की मानक दूरी क्या है? **— 42.195 किमी.**

☞ कौन-सा एकमात्र खेल है, जहां राग/ बोलना अनिवार्य है? **— कबड्डी में**

☞ वाटर पोलो में एक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या कितनी होती है? **— 7**

☞ 'बुल फाइटिंग' किस देश का लोकप्रिय खेल है? **— स्पेन का**

☞ किदांबी श्रीकांत किसके लिए प्रसिद्ध हैं? **— बैडमिंटन**

☞ कबड्डी के खेल में प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या _______ होती है। **- 7**

☞ किस देश ने पहली बार फरवरी, 2018 से देश में खेल के तीन स्टेडियमों में महिलाओं को जाने की अनुमति की घोषणा अक्टूबर, 2017 में की है? **- सऊदी अरब ने**

☞ सत्य कथन है -

**– ऑस्ट्रेलिया ने 2016-17 का मेन्स एफआईएच हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल जीता; गार्बिन मुगुरुजा ने टेनिस 2017 सिनसिनाटी मास्टर्स वूमेंस सिंगल्स जीता; 2017 प्रो कबड्डी लीग में संदीप नरवाल पुणेरी पटलन के लिए खेले।**

☞ सत्य कथन है -

**- एलिना स्वितोलिना ने टेनिस 2017 इटालियन ओपन वूमेंस सिंगल्स जीती ; लुईस हैमिल्टन ने फॉर्मूला वन 2017 इटालियन ग्रां प्रि जीती।**

☞ सत्य कथन है–

**— आर्यन तरी ने 2017 वर्ल्ड जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती थी; डस्टिन जॉनसन ने गोल्फ 2017 डब्ल्यूजीसी-डेल टेक्नोलॉजी मैच प्ले जीता था।**

☞ सत्य कथन हैं-

**– 2017 की प्रो कबड्डी लीग में सूरज देसाई दबंग दिल्ली के लिए खेले; मा लॉन्ग ने की 2017 वर्ल्ड टेबल टेनिस चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स जीता।**

☞ सत्य कथन है-

**– 2017 में विन्सेंट कोम्पनी ने प्रीमियर लीग टीम मैनचेस्टर सिटी में कप्तानी की**

☞ सत्य कथन है-

**– 2017 में पेर मेर्तेसॅकर ने प्रीमियर लीग टीम आर्सेनल की कप्तानी की; टान झोंग्यी ने 2017 वूमेंस वर्ल्ड शतरंज चैंपियनशिप जीती।**

☞ सत्य कथन है-

**– ऑस्ट्रेलिया ने टेनिस; 2017 हॉपमैन कप की मेजबानी की; मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने फॉर्मूला वन 2017 मलेशियन ग्रां प्रि जीती**

☞ सत्य कथन है-

**- हैनरी कोंटिनेन और जॉन पीयर्स ने टेनिस, 2017 एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स मेन्स डबल्स जीता**

☞ सत्य कथन है-

**- रूस ने गोल्फ, 2017 प्लेयर्स चैंपियनशिप की मेजबानी की, हैनरी कोंटिनेन और जॉन पीयर्स ने टेनिस, 2017 एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स मेंस डबल्स जीता**

☞ गीत सेठी किस खेल के साथ जुड़े हुए हैं? **— बिलियर्ड्स से**

☞ डब्ल्यूबीए हैवीवेट चैंपियनशिप के लिए वर्ष 1997 की व्यावसायिक मुक्केबाजी के मैच में माइक टायसन ने किसका कान चबाया था? **— इवांडर होलीफील्ड का**

☞ वर्ष 2016 की राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप किसने जीती? **— आदित्य मेहता ने**

☞ अपूर्वी चंदेला ……… से संबंधित हैं। **— निशानेबाजी**

☞ शीतल महाजन किस खेल के साथ जुड़ी हुई हैं? **— स्काई डाइविंग से**

☞ अजीत बजाज किस खेल के साथ जुड़े हुए हैं? **— साहसिक खेल से**

☞ ललिता बब्बार ………से संबंधित हैं। **— दौड़ से**

☞ लिंबा राम किस खेल के साथ जुड़े हुए हैं? **— तीरंदाजी से**

☞ वर्ष 2016 में ……… ने फॉर्मूला वन रोलेक्स ऑस्ट्रेलियन ग्रां.प्रि. जीता था। **— निको रॉसबर्ग**

☞ अंजू बॉबी जॉर्ज किस खेल के साथ जुड़ी हुई हैं? **— एथलेटिक्स से**

☞ 'वल्लम काली बोट रेस' किस राज्य में आयोजित किया जाता है? **— केरल में**

☞ इंद्रजीत सिंह ……… से संबंधित हैं। **— गोला फेंक**

☞ दीपिका कुमारी ………से संबंधित हैं। **—तीरंदाजी**

☞ ''ड्यूस'' इस शब्द का उपयोग किस खेल में किया जाता है? **— बैडमिंटन में**

☞ जीव मिल्खा सिंह किस खेल के साथ जुड़े हुए हैं? **— गोल्फ से**

☞ कोबे ब्रायंट किस खेल के साथ जुड़े हुए हैं? **— बास्केटबॉल**

☞ शकील ओ'नील किस खेल के साथ जुड़े हुए हैं? **— बास्केटबॉल**

☞ कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल तथा क्रिकेट में से किस खेल का सामान्यतः सबसे कम खेल समय है? **— कबड्डी का**

☞ शिवा थापा ……… से संबंधित हैं। **— मुक्केबाजी**

☞ पंकज आडवाणी का नाम किस खेल से जुड़ा है? **— बिलियर्ड्स**

☞ विजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, आनंद कुमार सिंह एवं जोरावर सिंह फौजदार में से किस पहलवान को 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' दिया गया था? **— सुशील कुमार**

☞ 'ब्रिज' किसमें अपनाई जाने वाली तकनीक है? **— कुश्ती**

☞ थॉमस कप किस खेल से संबंधित है? **— बैडमिंटन**

☞ योगेश्वर दत्त किस खेल से जुड़े हैं? **— कुश्ती**

☞ पी.वी. सिंधु का नाम किस खेल से जुड़ा है? **— बैडमिंटन**

☞ **सही सुमेलित हैं—**

| | | |
|---|---|---|
| सानिया मिर्जा | - | टेनिस |
| साइना नेहवाल | - | बैडमिंटन |
| मैरीकॉम | - | बॉक्सिंग |
| पंकज आडवाणी | - | बिलियर्ड्स एवं स्नूकर |
| झूलन गोस्वामी | - | क्रिकेट |
| जीव मिल्खा सिंह | - | गोल्फ |

☞ 'प्रिंस ऑफ वेल्स' कप किस खेल से संबंधित है? **— गोल्फ**

☞ उबेर कप किस खेल से संबंधित है? **— बैडमिंटन**

☞ 'स्मैशर' शब्द हॉकी, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट में से किस खेल के साथ जुड़ा हुआ है? **— वॉलीबॉल**

☞ 'लोना' किस खेल से संबद्ध है? **— कबड्डी**

☞ शिवा थापा का संबंध इनमें से किस खेल से है? **— बॉक्सिंग**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

1. निम्नलिखित में से किस दिन प्रतिवर्ष खेल दिवस मनाया जाता है?
   (a) जुलाई (b) अगस्त
   (c) अक्टूबर (d) अप्रैल

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान हॉकी खिलाड़ी 'मेजर ध्यानचंद सिंह' जिन्होंने भारत को ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलवाया, उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उनके जन्मदिन 29 अगस्त को प्रत्येक वर्ष भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

2. 'राइडर कप' किस खेल के खिलाड़ियों को दिया जाता है?
   (a) बास्केटबॉल (b) ताश
   (c) गोल्फ (d) बेसबॉल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

'राइडर कप' गोल्फ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली यूरोप तथा यूनाइटेड स्टेट्स के मध्य विजेता टीम को प्रदान किया जाता है। अंग्रेज व्यवसायी सैमुएल राइडर के नाम पर इस ट्रॉफी का नाम रखा गया। वर्ष 2018 का राइडर कप गुयान कोर्ट (फ्रांस) में संपन्न हुआ। टीम यूरोप ने टीम अमेरिका को 17.5-10.5 से पराजित कर वर्ष 2018 का राइडर कप जीत लिया।

3. 'राइडर कप' का संबंध किस खेल के साथ है?
   (a) फुटबॉल (b) गोल्फ
   (c) बैडमिंटन (d) क्रिकेट

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

4. राइडर कप किस खेल का प्रसिद्ध टूर्नामेंट हैं?
   (a) बैडमिंटन (b) गोल्फ
   (c) क्रिकेट (d) लॉन टेनिस

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

5. 'कैलिबर' किस खेल से संबंधित है?
   (a) शूटिंग (b) साइक्लिंग
   (c) बेसबॉल (d) गोल्फ

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

'कैलिबरी' (Calibre) शूटिंग के खेल से संबंधित एक शब्द है।

6. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?
   (a) सुब्रतो कप-फुटबॉल
   (b) हॉलकर ट्रॉफी-टेनिस
   (c) हीरो होंडा इंडियन ओपन-गोल्फ
   (d) देवधर ट्रॉफी-क्रिकेट

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

हॉलकर ट्रॉफी का संबंध ब्रिज से है न कि टेनिस से जबकि अन्य युग्म सही हैं।

7. किस खेल में 'बुल्स आई' शब्द का प्रयोग किया जाता है?
   (a) बॉक्सिंग (b) बास्केटबॉल
   (c) पोलो (d) शूटिंग

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

'बुल्स आई' शब्द का संबंध शूटिंग से है। मुख्यतया यह निशाने (Target) का केंद्र-बिंदु होता है।

8. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

| ट्रॉफी | खेल |
|---|---|
| 1. रणजी ट्रॉफी | a. फुटबॉल |
| 2. संतोष ट्रॉफी | b. क्रिकेट |
| 3. आगा खान कप | c. हॉकी |

   (a) 1-a, 2-b, 3-c (b) 1-b, 2-a, 3-c
   (c) 1-a, 2-c, 3-b (d) 1-b, 2-c, 3-a

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

रणजी ट्रॉफी क्रिकेट से, संतोष ट्रॉफी फुटबॉल से तथा आगा खान कप हॉकी से संबंधित है।

9. 2015 रग्बी विश्व कप (पुरुष) उपविजेता कौन था?
   (a) न्यूजीलैंड (b) दक्षिण अफ्रीका
   (c) ऑस्ट्रेलिया (d) इंग्लैंड

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 2015 रग्बी विश्व कप (पुरुष) का उपविजेता ऑस्ट्रेलिया था। इग्लैंड में आयोजित इस मुकाबले में फाइनल में न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 34-17 से हराया था। रग्बी विश्व कप, 2019 का आयोजन जापान में 20 सितंबर से 2 नवंबर के मध्य किया जाएगा। यह प्रथम अवसर होगा जब पहला रग्बी विश्व कप एशिया में आयोजित किया जाएगा।

**10. 2016 कबड्डी विश्व कप (पुरुष) उपविजेता कौन था?**

(a) थाईलैंड (b) ईरान
(c) अर्जेंटीना (d) पाकिस्तान

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 17 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

वर्ष 2016 कबड्डी विश्व कप (पुरुष) उपविजेता ईरान था, जबकि विजेता भारत था। इसका आयोजन अक्टूबर, 2016 में भारत में हुआ था।

**11. बास्केटबॉल टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?**

(a) तीन (b) चार
(c) पांच (d) छह

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

बास्केटबॉल के खेल में 2 टीमें भाग लेती हैं तथा प्रत्येक टीम से 5 खिलाड़ी कोर्ट पर रहते हैं। बास्केटबॉल खेल का उदय अमेरिका में हुआ था।

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

A. 2017 में सुरेश रैना ने आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की।
B. 2017 में जहीर खान ने आईपीएल टीम दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी की।
C. फ्रांस ने 2017 वर्ल्ड टीम शतरंज चैंपियनशिप की मेजबानी की।

(a) केवल B (b) केवल C
(c) B और C दोनों (d) A, B और C

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 14 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

केवल कथन (B) सत्य है। वर्ष 2017 के IPL मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद टीम की कप्तानी डेविड वॉर्नर के हाथ थी। वर्ष 2017 में वर्ल्ड टीम शतरंज चैंपियनशिप की मेजबानी रूस द्वारा की गई थी।

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

A. वर्ष 2017 का शतरंज वर्ल्ड कप भारतीय ग्रैंडमास्टर ने जीता।
B. वर्ष 2017 में रॉबर्टो फिरमिनो प्रीमियर लीग टीम लीस्टर सिटी के लिए खेले।
C. वर्ष 2018 की आईपीएल नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने एम. एस. धौनी को रिटेन किया।

(a) केवल A (b) केवल B
(c) केवल C (d) कोई नहीं

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त कोई कथन सत्य नहीं है। वर्ष 2017 का शतरंज वर्ल्ड कप अर्मेनिया के खिलाड़ी लेवोन एरोनियन ने जीता। वर्ष 2017 प्रीमियर लीग में रॉबर्टो फिरमिनो लीवरपूल टीम (क्लब) के लिए खेले। वर्ष 2018 आईपीएल नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने एम.एस. धौनी को रिटेन किया। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

A. 2017 में डेविड वॉर्नर ने आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की।
B. 2017 में रोमेलु लुककू प्रीमियर लीग टीम मैनचेस्टर सिटी के लिए खेले।
C. कनाडा ने टेबल टेनिस, 2017 आईटीटीएफ मेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी की।

(a) केवल A (b) केवल B
(c) B और C दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 11 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त दिए गए कथनों में से केवल कथन (A) सत्य है। 2017 प्रीमियर लीग में रोमेलु लुकाकू मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए खेले थे। टेबिल टेनिस, 2017 आईटीटीएफ मेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी लीज, बेल्जियम द्वारा की गई।

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

A. वर्ष 2017 में ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल टीम किंग्स XI पंजाब की कप्तानी की।
B. रोजर फेडरर ने टेबल टेनिस, 2017 आईटीटीएफ वर्ल्ड टूर ग्रैंड फाइनल्स मेंस सिंगल्स जीता।
C. बर्न्हार्ड लैंगर ने गोल्फ, 2017 सीनियर पीजीए चैंपियनशिप जीती।

(a) केवल A (b) B और C
(c) A और C (d) A और B

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 8 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

प्रश्न में दिए गए कथन (A) तथा (C) सत्य हैं, जबकि कथन (B) असत्य है क्योंकि टेबिल टेनिस, 2017 आईटीटीएफ वर्ल्ड टूर ग्रैंड फाइनल्स मेंस सिंगल्स का खिताब फेन झेनडोंग (चीन) ने जीता था न कि रोजर फेडरर ने। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

A. वैलेंटिनो रॉसी ने मोटरसाइकिल रेस 2017 डच टीटी मोटोजीपी जीती।

B. यूनाइटेड किंगडम ने टेबल टेनिस, 2017 आईटीटीफ वूमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी की।

C. वर्ष 2017 में ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल टीम किंग्स XI पंजाब की कप्तानी की थी।

(a) A और B (b) B और C
(c) A और C (d) A, B और C

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 4 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त दिए गए कथनों में से कथन (A) तथा कथन (C) सत्य है, जबकि कथन (B) गलत है क्योंकि टेबिल टेनिस, 2017 आईटीटीएफ वूमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी कनाडा ने की थी न कि यूनाइटेड किंगडम ने। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**17. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| 1. मिताली राज | a. हॉकी |
| 2. पूनम रानी | b. 3000 मी. लंबी बाधा दौड़ |
| 3. ललिता बाबर | c. क्रिकेट |

(a) 1-c, 2-b, 3-a (b) 1-a, 2-b, 3-c
(c) 1-a, 2-c, 3-b (d) 1-c, 2-a, 3-b

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| खिलाड़ी | | खेल |
|---|---|---|
| मिताली राज | – | क्रिकेट |
| पूनम रानी | – | हॉकी |
| ललिता बाबर | – | 3000 मी. लंबी बाधा दौड़ |

**18. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।**

| शब्द | खेल |
|---|---|
| 1. बर्डी | a. टेनिस |
| 2. वॉली | b. क्रिकेट |
| 3. हिट विकेट | c. गोल्फ |

(a) 1-b, 2-c, 3-a (b) 1-c, 2-a, 3-b
(c) 1-a, 2-c, 3-b (d) 1-c, 2-b, 3-a

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(b)**

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| शब्द | | खेल |
|---|---|---|
| बर्डी | – | गोल्फ |
| वॉली | – | टेनिस |
| हिट विकेट | – | क्रिकेट |

**19. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।**

| (शब्द) | (संबंधित खेल) |
|---|---|
| 1. नो बॉल | a. हॉकी |
| 2. गोल | b. क्रिकेट |
| 3. नॉकआउट | c. बॉक्सिंग |

(a) 1-b, 2-a, 3-c (b) 1-c, 2-a, 3-b
(c) 1-b, 2-c, 3-a (d) 1-c, 2-b, 3-a

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

सही सुमेलन है–

| शब्द | | संबंधित खेल |
|---|---|---|
| नो बॉल | – | क्रिकेट |
| गोल | – | हॉकी |
| नॉकआउट | – | बॉक्सिंग |

**20. निम्न में कौन-सा जोड़ा गलत है?**

| खेल | | मैदान |
|---|---|---|
| (a) व्यायाम | - | ट्रैक |
| (b) बेसबॉल | - | कोर्ट |
| (c) गोल्फ | - | कोर्स |
| (d) कुश्ती | - | अखाड़ा |

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

बेसबॉल खेलने की पिच डायमंड आकार की होती है जिसके चार बेस होते हैं।

**21. हाल ही में किस खिलाड़ी ने यह घोषणा की कि वह अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी के विरुद्ध डोपिंग के आरोपों का विरोध नहीं करेगा?**

(a) जॉर्ज हिनकेपी (b) ब्रैडले विगिन्स
(c) कार्ल लेविस (d) लांस आर्मस्ट्रांग

**S.S.C.मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

अक्टूबर, 2012 में UCI (Union Cycliste International) के निर्णय के अमेरिकी रोड रेसिंग साइक्लिस्ट लांस आर्मस्ट्रांग ने अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी के विरुद्ध डोपिंग के आरोपों का विरोध नहीं करने का निर्णय लिया था।

**22. 2016 कबड्डी विश्व कप (पुरुष)किस देश ने जीता था?**

(a) भारत (b) थाईलैंड

(c) पाकिस्तान (d) ईरान

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II -पाली)**

**उत्तर–(a)**

वर्ष 2016 कबड्डी विश्व कप (पुरुष) का खिताब भारत ने ईरान को 38-29 से हराकर जीता। भारत का यह कबड्डी विश्व कप का तीसरा खिताब था। इस प्रतियोगिता का आयोजन अक्टूबर, 2016 में अहमदाबाद में हुआ था।

**23. भारत में किस खेल को प्रोत्साहन देने और लोकप्रिय बनाने के लिए आई.पी.एल. के तरह सन् 2011 में एक अन्य 'भारतीय लीग खेल प्रतियोगिता' आयोजित की गई थी?**

(a) फुटबॉल (b) वॉलीबॉल

(c) हॉकी (d) बास्केटबॉल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

भारत में वॉलीबॉल खेल को प्रोत्साहन देने और लोकप्रिय बनाने के लिए आईपीएल की तरह वर्ष 2011 में आईवीएल (इंडियन वॉली लीग) आयोजित की गई थी।

**24. बीसीसीआई ने 'कर्नल सी. के. नायडू आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, 2012' के दौरान किसको दिया था?**

(a) सचिन तेंदुलकर (b) एम.एस.धौनी

(c) वी.वी.एस. लक्ष्मण (d) सुनील गावस्कर

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

अक्टूबर, 2012 में पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सुनील गावस्कर को BCCI ने 'कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित करने की घोषणा की थी। वर्ष 2016-17 के लिए यह पुरस्कार पूर्व भारतीय क्रिकेटर पंकज रॉय को मरणोपरांत प्रदान किया गया। वर्ष 2017-18 हेतु यह पुरस्कार पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ को प्रदान किया गया।

**25. बीसीसीआई ने 'कर्नल सी.के.नायडू आजीवन उपलब्धि पुरस्कार' 2012 के दौरान किसको दिया था?**

(a) सचिन तेंदुलकर (b) एम.एस.धौनी

(c) वी.वी.एस. लक्ष्मण (d) सुनील गावस्कर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**26. ग्रीनपार्क स्टेडियम है—**

(a) बंगलुरू में (b) देहरादून में

(c) चंडीगढ़ में (d) कानपुर में

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

ग्रीनपार्क क्रिकेट स्टेडियम कानपुर (उत्तर प्रदेश) में स्थित है।

**27. ब्राबोर्न स्टेडियम कहां स्थित है?**

(a) कोलकाता (b) जमशेदपुर

(c) मुंबई (d) कटक

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

ब्राबोर्न स्टेडियम, क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) के स्वामित्व वाले सबसे पुराने क्रिकेट मैदानों में से एक है जो मुंबई में स्थित है।

**28. एम.सी.सी. के निम्नलिखित अध्यक्षों में से कौन पेशेवर क्रिकेटर नहीं था?**

(a) पीटर मे (b) क्रिस्टोफर मार्टिन जेन्किंस

(c) टेड डेक्सटर (d) कॉलिन काउड्रे

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013***

**उत्तर—(b)**

क्रिस्टोफर मार्टिन जेन्किंस जिन्हें CJM के नाम से भी जाना जाता था, ब्रिटिश क्रिकेट पत्रकार थे। वे सत्र 2010-11 के लिए MCC (Melbourne Cricket Club) के अध्यक्ष रहे, जो एक खेल पत्रकार के लिए दुर्लभ उपलब्धि थी। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध वकील (Lawyer) स्टीवेन स्मिथ (Steven Smith) वर्ष 2015 से MCC के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

**29. विषम नाम चुनिए (26 जनवरी, 2009 के पुरस्कारों के संदर्भ में)।**

(a) महेंद्र सिंह धौनी (b) हरभजन सिंह

(c) पंकज आडवाणी (d) अभिनव बिंद्रा

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

वर्ष 2009 के गणतंत्र दिवस पर वितरित पुरस्कारों में महेंद्र सिंह धौनी, हरभजन सिंह और पंकज आडवाणी को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया था जबकि अभिनव बिंद्रा को पद्म भूषण पुरस्कार प्रदान किया गया था।

**30. इनमें से किसका सही मेल नहीं है?**

(a) सोमदेव देववर्मन – बैडमिंटन

(b) गगन नारंग – निशानेबाजी

(c) अर्जुन अटवाल – गोल्फ़

(d) अनिता सूद – तैराकी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

सोमदेव देववर्मन भारतीय टेनिस खिलाड़ी हैं।

**31. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं बनाया गया है?**

(a) हरभजन सिंह-कबड्डी (b) साइना नेहवाल-बैडमिंटन

(c) ज्वाला गुट्टा-टेनिस (d) विराट कोहली-क्रिकेट

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

ज्वाला गुट्टा का संबंध टेनिस से नहीं बल्कि बैडमिंटन से हैं जबकि हरभजन सिंह नाम के कबड्डी खिलाड़ी भी हैं, इस नाम के एक क्रिकेट खिलाड़ी भी हैं जो ज्यादा लोकप्रिय हैं परंतु प्रश्न के विकल्पों के आधार पर उपयुक्त विकल्प (c) है।

**32. निम्न में से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) साइना नेहवाल (बैडमिंटन)

(b) विश्वनाथन आनंद (शतरंज)

(c) जीव मिल्खा सिंह (फुटबॉल)

(d) सानिया मिर्ज़ा (टेनिस)

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

जीव मिल्खा सिंह प्रोफेशनल भारतीय गोल्फर हैं।

**33. जसपाल राणा निम्नलिखित में से किस खेल से संबद्ध नाम है?**

(a) भारोत्तोलन (b) मुक्केबाजी

(c) निशानेबाजी (d) तीरदांजी

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

जसपाल राणा भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज हैं। वर्ष 1994 में इन्हें अर्जुन अवॉर्ड तथा 1996 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**34. शुंगलू समिति, जिसने 2011 में रिपोर्ट प्रस्तुत की, किससे संबंधित है?**

(a) रक्षा प्रबंधन का पुनर्गठन

(b) सहकारी क्षेत्र का प्रबंधन

(c) राष्ट्रमंडल खेलों का घोटाला

(d) बीमा क्षेत्र में सुधार

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 2010 में नई दिल्ली में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में घोटाले की जांच हेतु वी. के. शुंगलू की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी जिसने अपनी रिपोर्ट 2011 में प्रस्तुत की। इस घोटाले में सुरेश कलमाड़ी को दोषी पाया गया।

**35. जूडो में सर्वोच्च उपाधि क्या है?**

(a) बारहवां डैन (b) पीली वेल्ट

(c) दसवां डैन (d) काली वेल्ट

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

जूडो की उपाधियों को मुख्यतः 16 वर्गों में विभाजित किया जाता है। इस वर्गीकरण में 6th Kyu को से सबसे निम्न उपाधि तथा दसवां डैन को सर्वोच्च उपाधि माना जाता है। जिगारो कानो जिन्हें जूडो का संस्थापक माना जाता है, को उनके मरणोपरांत 12 डैन के प्रतीकात्मक सम्मान से सम्मानित किया गया था।

**36. द्रोणाचार्य पुरस्कार दिए जाते हैं—**

(a) उत्कृष्ट अध्यापकों को

(b) उत्कृष्ट एथलीटों को

(c) धनुर्विद्या के उत्तम प्रदर्शकों को

(d) खेल के मैदान में उत्कृष्ट शिक्षकों को

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

द्रोणाचार्य पुरस्कार भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षकों को प्रदान किया जाता है।

**37. राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार (2011) का विजेता कौन है?**

(a) गगन नारंग (b) साइना नेहवाल

(c) सचिन तेंदुलकर (d) एम.एस. धौनी

**S.S.C.मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2010-11 का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार निशानेबाज (एयर राइफल शूटर) गगन नारंग को प्रदान किया गया था। वर्ष 2011-12 में पहलवान योगेश्वर दत्त एवं निशानेबाज विजय कुमार को संयुक्त रूप से तथा वर्ष 2012-13 में निशानेबाज रंजन सोढ़ी को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2014 में इस पुरस्कार हेतु किसी भी खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया। वर्ष 2018 में यह पुरस्कार विराट कोहली (क्रिकेट) एवं एस. मीराबाई (भारोत्तोलन) को प्रदान किया गया।

**38. गगन नारंग, जिनके नाम की सिफारिश 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' के लिए की गई है, किस रूप में प्रसिद्ध हैं?**

(a) मोटर कार रेसर (b) क्रिकेटर

(c) एयर राइफल शूटर (d) फुटबॉलर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**39. वर्ष 2011 के लिए राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार इनको प्रदान किया गया -**

(a) गगन नारंग (b) एम.एस. धौनी

(c) सानिया मिर्ज़ा (d) सुशील कुमार

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**40. निम्नलिखित में से किस क्रिकेट खिलाड़ी को वर्ष 2007 के लिए राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया है?**

(a) सचिन तेंदुलकर (b) सौरभ गांगुली

(c) एम.एस. धौनी (d) वीरेंद्र सहवाग

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

भारत में खेल के क्षेत्र में प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार वर्ष 2007 में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी को प्रदान किया गया था। उल्लेखनीय है कि इस पुरस्कार के अंतर्गत वर्ष 2004-05 तक प्रदत्त 5 लाख रु. की पुरस्कार राशि को बढ़ाकर 7.5 लाख रु. कर दिया गया है।

**41. एम.एस. धौनी को वर्ष 2007 के लिए निम्नलिखित में से किसके लिए चुना गया था?**

(a) अर्जुन पुरस्कार

(b) द्रोणाचार्य पुरस्कार

(c) राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**42. निम्न विख्यात खिलाड़ियों में से राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार पाने वाला पहला व्यक्ति कौन था?**

(a) सचिन तेंदुलकर (b) विश्वनाथन आनंद

(c) गीत सेठी (d) सुनील गावस्कर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

खेल के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1991-92 में की गई थी। सर्वप्रथम यह पुरस्कार शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को प्रदान किया गया था।

**43. वर्ष 2005 का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार किसे मिला था?**

(a) विश्वनाथन आनंद (b) पंकज आडवाणी

(c) युवराज सिंह (d) नारायण कार्तिकेयन

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

वर्ष 2005 का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार बिलियर्ड्स एवं स्नूकर खिलाड़ी पंकज आडवाणी को प्रदान किया गया था।

**44. भारत के राष्ट्रपति ने राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार किसको दिया है?**

(a) विजय कुमार (निशानेबाज) (b) एम.एस.धौनी (क्रिकेटर)

(c) (a) और (b) दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार विजय कुमार तथा एम.एस. धौनी दोनों को ही राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2007-08 के लिए एम.एस.धौनी को क्रिकेट में उनकी उपलब्धियों के लिए तथा विजय कुमार को निशानेबाजी में अन्य उपलब्धियों के साथ लंदन ओलंपिक, 2012 में निशानेबाजी की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त करने के लिए वर्ष 2011-12 का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि विजय कुमार को यह पुरस्कार योगेश्वर दत्त (लंदन ओलंपिक, 2012 में 60 किग्रा. फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा के कांस्य पदक विजेता) के साथ संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।

**45. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मुहम्मद अज़हरुद्दीन लोक सभा में उत्तर प्रदेश के किस चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं?**

(a) मिर्ज़ापुर (b) मुरादाबाद

(c) मेरठ (d) मथुरा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

भारतीय क्रिकेट टीम के भूतपूर्व कप्तान मुहम्मद अज़हरुद्दीन उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद लोक सभा चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। एक अन्य पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू मार्च, 2017 से पंजाब राज्य के कला, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री हैं।

**46. कितने क्रिकेट खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और इस समय लोक सभा के सदस्य भी हैं?**

(a) तीन (b) दो

(c) एक (d) शून्य

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**47. विजडन द्वारा निम्नलिखित में से किस भारतीय क्रिकेटर को '2008 का लीडिंग क्रिकेटर' घोषित किया गया है?**

(a) एम.एस. धौनी

(b) वीरेंद्र सहवाग

(c) अनिल कुंबले

(d) सौरभ गांगुली

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग को प्रतिष्ठित खेल पत्रिका विजडन द्वारा वर्ष 2008 का लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। वर्ष 2016 तथा वर्ष 2017 का लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर विराट कोहली (भारत)।

**48. निम्नलिखित में से किसने वर्ष 2009 के लिए 'आई.सी.सी. क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड' जीता?**

(a) एम.एस. धौनी

(b) गौतम गंभीर

(c) मिशेल जॉनसन

(d) तिलकरत्ने दिलशान

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

अक्टूबर, 2009 में घोषित आई.सी.सी. पुरस्कारों में ऑस्ट्रेलिया के मिशेल जॉनसन को 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना गया था। वर्ष 2016 में इस पुरस्कार हेतु भारत के रविचंद्रन अश्विन को चुना गया था। वर्ष 2017 में विराट कोहली को यह पुरस्कार (सर गारफील्ड सोबर्स) प्राप्त हुआ है।

**49. आई.सी.सी. ओ.डी.आई. प्लेयर ऑफ द ईयर (2008) अवॉर्ड जीतने वाला पहला भारतीय है-**

(a) सौरभ गांगुली

(b) वीरेंद्र सहवाग

(c) युवराज सिंह

(d) महेंद्र सिंह धौनी

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

10 सितंबर, 2008 को संयुक्त अरब अमीरात में वितरित ICC पुरस्कारों में भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धौनी को 'ओ.डी.आई. (एकदिवसीय) प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार प्रदान किया गया था। धौनी यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। वर्ष 2016 में यह पुरस्कार क्विंटन डी कॉक (द. अफ्रीका) को वर्ष 2017 में विराट कोहली (भारत) को प्रदान किया गया।

**50. आई.सी.सी. द्वारा 'वर्ष 2008 का उभरता हुआ खिलाड़ी' पुरस्कार श्रीलंका के किस क्रिकेटर को दिया गया था?**

(a) अजंता मेंडिस

(b) मुथैया मुरलीधरन

(c) सी. कपुगेडेरा

(d) एस. महरूफ

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

ICC का उपर्युक्त पुरस्कार श्रीलंका के गेंदबाज अजंता मेंडिस को प्रदान किया गया था। वर्ष 2016 में यह पुरस्कार बांग्लादेश के क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को तथा वर्ष 2017 में पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली को प्रदान किया गया है।

**51. भारत का फ्लाइंग सिख किसे कहा गया है?**

(a) मोहिंदर सिंह (b) अजीत पाल सिंह

(c) जोगिंदर सिंह (d) मिल्खा सिंह

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

भारतीय एथलीट मिल्खा सिंह को फ्लाइंग सिख के उपनाम से भी जाना जाता है।

**52. 'पिचर' शब्द का संबंध किससे है?**

(a) कुश्ती (b) मुक्केबाजी

(c) बेसबॉल (d) बास्केटबॉल

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

'पिचर' (Pitcher) बेसबाल से संबंधित शब्दावली है। बेसबॉल में पिचर वह होता है, जो कैचर (Catcher) की ओर गेंद फेंकता है।

**53. निम्नलिखित में से किसने वर्ष 2009 में लगातार तीसरा नेशनल बिलियर्ड्स खिताब जीता?**

(a) पंकज आडवाणी (b) देवेन्द्र जोशी

(c) गीत सेठी (d) ध्रुव सितवाला

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2009 में आगरा में संपन्न राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब जीतकर पंकज आडवाणी ने हैट्रिक बनाई थी।

**54. 'थॉमस कप' का संबंध किस खेल के साथ है?**

(a) हॉकी (b) फुटबॉल

(c) बास्केटबॉल (d) बैडमिंटन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**S.S.C. Section off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

पुरुषों की बैडमिंटन प्रतियोगिता की ट्रॉफी थॉमस कप है जबकि उबेर कप का संबंध महिला टेनिस से है।

**55. नारायण कार्तिकेयन किस खेल का खिलाड़ी है?**

(a) फॉर्मूला वन कार दौड़ (b) शूटिंग

(c) शतरंज (d) गोल्फ

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

नारायण कार्तिकेयन भारतीय फॉर्मूला वन कार रेसर हैं।

**56. गीत सेठी का नाम आप निम्नलिखित में से किस खेल के साथ जोड़ते हैं?**

(a) गोल्फ (b) बिलियर्ड्स

(c) लॉन टेनिस (d) क्रिकेट

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

गीत सेठी बिलियर्ड्स के खिलाड़ी हैं।

**57. शिव थापा किस खेल से संबंधित है?**

(a) फुटबॉल (b) मुक्केबाजी

(c) जिमनास्टिक (d) तैराकी

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

शिव थापा भारतीय मुक्केबाज हैं। इनका जन्म गुवाहाटी (असम) में हुआ था। इन्हें वर्ष 2016 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**58. 30 अक्टूबर, 2011 को फॉर्मूला 1 भारतीय ग्रैंड प्रिक्स आयोजित हुआ था -**

(a) दिल्ली खास में (b) ग्रेटर नोएडा में

(c) गुड़गांव में (d) हैदराबाद में

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

30 अक्टूबर, 2011 को इंडियन ग्रैंड प्री. का आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट में किया गया था जिसका खिताब रेड बुल रेनॉल्ट टीम के चालक जर्मनी के सेबैस्टियन वेट्टल ने जीता था।

**59. एज़रा कप का संबंध किस खेल से है?**

(a) पोलो (b) हॉकी

(c) फुटबॉल (d) नौका चालन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

एज़रा कप एक लोकप्रिय पोलो टूर्नामेंट है जिसका आयोजन कलकत्ता पोलो क्लब द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। प्रथम एज़रा कप टूर्नामेंट का आयोजन 1880 ई. में किया गया था।

**60. वाटर पोलो में हर टीम में खिलाड़ियों की संख्या होती है—**

(a) 7 (b) 9

(c) 5 (d) 4

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

| खेल | खिलाड़ियों की संख्या |
|---|---|
| क्रिकेट, फुटबॉल एवं हॉकी | 11 |
| रग्बी फुटबॉल | 15 |
| बेसबॉल एवं खो-खो | 9 |
| नेटबॉल एवं वाटर पोलो | 7 |
| वॉलीबॉल | 6 |
| बास्केटबॉल | 5 |
| पोलो | 4 |
| टेनिस, बैडमिंटन | 1या 2 |

**61. बेसबॉल में प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या कितनी होती है?**

(a) 9 (b) 15

(c) 11 (d) 7

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**62. बास्केटबॉल के खेल में दोनों ओर कितने-कितने खिलाड़ी होते हैं?**

(a) 6 (b) 7

(c) 4 (d) 5

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**63. 'सुब्रोतो कप' का संबंध किस खेल के साथ है?**

(a) हॉकी (b) फुटबॉल
(c) बास्केटबॉल (d) बैडमिंटन

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

'सुब्रोतो कप' भारत की अंतरस्कूलीय फुटबॉल प्रतियोगिता है।

**64. 'बर्धवान ट्रॉफी' किससे संबंधित है?**

(a) कुश्ती (b) मुक्केबाजी
(c) भारोत्तोलन (d) कबड्डी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

'बर्धवान ट्रॉफी' (Burdhvan Trophy) भारोत्तोलन से संबंधित है।

**65. निम्न में से कौन पहला हैवीवेट मुक्केबाज है जो अपने सारे जीवन काल में कभी परास्त नहीं हुआ?**

(a) रॉकी मारसिएनो (b) ली एप्परसन
(c) लैरी होल्म्स (d) माइकल स्पिंक्स

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

इतालवी अमेरिकी बॉक्सर रॉकी मारसिएनो (Rocky Marciano) अपने संपूर्ण बॉक्सिंग कॅरियर के दौरान कभी परास्त नहीं हुए। वह 23 सितंबर, 1952 से 27 अप्रैल, 1956 तक विश्व हैवीवेट चैंपियन थे।

**66. 2014 निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप कहां होगी?**

(a) स्पेन के ग्रेनैडा में (b) भारत के नई दिल्ली में
(c) कैनेडा के टोरोंटो में (d) ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF) द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित की जाने वाली विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप 2014 का आयोजन स्पेन के ग्रेनैडा में संपन्न हुआ। सितंबर, 2018 में यह चांगवॉन (दक्षिण कोरिया) में आयोजित की गई। चीन 9 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 21 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

**67. निम्न में से किसे कहा गया था कि उद्यान वास्तव में उद्यान नहीं है?**

(a) मैसूर का वृंदावन उद्यान (b) मुंबई का हैंगिंग गार्डन
(c) कोलकाता का ईडन गार्डन (d) कश्मीर का शालीमार बाग

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

कोलकाता का ईडन गार्डन वास्तव में एक क्रिकेट स्टेडियम है।

**68. हाल में लंदन में आयोजित विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता 2011 में कांस्य पदक की विजेता पहली भारतीय डबल्स की जोड़ी कौन-सी है?**

(a) ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा
(b) साइना नेहवाल और ज्वाला गुट्टा
(c) साइना नेहवाल और अश्विनी पोनप्पा
(d) ज्वाला गुट्टा और हरप्रीत जड़ेजा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता, 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने कांस्य पदक जीता था। वर्ष 2018 की विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता में पी.वी. सिंधु ने महिला एकल स्पर्धा में रजत पदक तथा स्पेन की कैरोलीना मार्टिन ने महिला एकल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

**69. निम्नलिखित में से कौन-से खेल में गेंद का इस्तेमाल नहीं किया जाता?**

(a) फुटबॉल (b) क्रिकेट
(c) बैडमिंटन (d) टेनिस

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त दिए गए खेलों में से बैडमिंटन खेल में गेंद का प्रयोग नहीं होता। बैडमिंटन का खेल रैकेट तथा शटलकॉक (Shuttlcock) से खेला जाता है।

**70. निम्नलिखित में कौन युग्म सुमेलित हैं?**

(a) आगा खां कप-फुटबॉल
(b) उबेर कप-गोल्फ
(c) डूरंड कप-हॉकी
(d) राइडर कप-बैडमिंटन

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(*)**

आगा खां कप-हॉकी से, उबेर कप-बैडमिंटन से, डूरंड कप-फुटबॉल से तथा राइडर कप-गोल्फ से संबंधित है।

**71. ट्विडल ....... खेल से संबंधित है।**

(a) टेबल टेनिस (b) लॉन टेनिस
(c) गोल्फ (d) तैराकी

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

'ट्विडल' टेबल टेनिस के खेल से संबंधित एक पद है जिसका तात्पर्य खेल के दौरान रैकेट को पलटने हेतु घुमाने से होता है।